Ranchi ● Thursday, 08 May 2025 ● Year : 03 ● Issue : 112 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

पाकिस्तान!

पहलगाम आतंकवादी हमले की जांच में मिले पाकिस्तान के शामिल होने के साक्ष्य

नेशनल मीडिया सेंटर में भारतीय सेना व वायुसेना की ओर से दी गई विस्तृत जानकारी

ये तो झांकी है, असली हिसाब बाकी है...

NEW DELHI @ PTI :
पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने अपने जवाब से जता दिया है ये तो अभी झांकी है, असली हिसाब बाकी है। बुधवार को तड़के पहलगाम हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र सेनाओं का 'ऑपरेशन सिंदूर' विश्वसनीय सूचनाओं पर आधारित रहा। एयर स्ट्राइक के जरिए पाकिस्तान और पीओके में स्थित 9 आतंकी ठिकानों को पूरी तरह तबाह कर दिया गया। भारत की प्राथमिक विदेशी खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के तैयार किए गए डोजियर के आधार पर बर्बाद किए गए आतंकी शिविरों का चयन किया गया। यहीं से आतंकियों को प्रशिक्षण देकर भारत में हमले करने के लिए भेजा जा रहा था। नेशनल मीडिया सेंटर में ऑपरेशन सिंदूर के बारे में भारतीय सेना और वायुसेना की ओर से विस्तृत जानकारी दी गई। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरूआत में कहा कि 22 अप्रैल को लश्कर और पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादियों ने कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हमला किया और 25 भारतीय नागरिकों और 1 नेपाली नागरिक की हत्या कर दी। आतंकियों ने पर्यटकों को उनके परिवार के सदस्यों के सामने सिर में गोली मारी। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले की जिम्मेदारी रेजिस्टेंस फ्रंट नामक आतंकी समूह ने ली । यह समूह लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा है। इस हमले में पाकिस्तान के तार जुड़े होने की पुष्टि हुई है। नष्ट हुए आतंकी शिविरों में मुरीदके का शिविर भी शामिल है, जहां 2008 के मुंबई आतंकी हमलों में शामिल आतंकवादियों अजमल कसाब और डेविड हेडली ने प्रशिक्षण प्राप्त किया था।

पाक के आतंकियों से संबंध उजागर

विदेश सचिव विक्रम मिस्री का कहना है कि पहलगाम आतंकी हमले ने पाकिस्तान के आतंकियों से संबंधों को उजागर कर दिया है। आतंकियों ने सैलानियों और उनके परिवार को धमकाया गया और उस बर्बरता का संदेश देने को कहा गया। चूंकि जम्मू-कश्मीर में पर्यटन फिर से फल-फूल रहा था, इसलिए हमले का मुख्य उद्देश्य उसे नुकसान पहुंचाना था। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि खुद को प्रतिरोधी मोर्चा कहने वाले एक समूह ने हमले की जिम्मेदारी ली है। यह समूह संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित पाकिस्तानी आतंकवादी समूह लश्कर-ए-तैयबा का मोर्चा है। पहलगाम आतंकवादी हमले की जांच में पाकिस्तान में और पाकिस्तान को भेजे गए आतंकवादियों के संचार नोट सामने आए हैं।

खुफिया एजेंसियों के डोजियर पर किया गया तबाह किए गए आतंकी ठिकानों का चयन

भारतीय सशस्त्र बलों ने 7 मिनट में ही तबाह कर दिए 9 आतंकी ठिकाने

- यहीं पर कसाब-हेडली जैसे खतरनाक आतंकियों ने ली थी ट्रेनिंग
- यहीं से आतंकियों को प्रशिक्षण देकर हमले करने के लिए भेजा जा रहा था भारत
- सेना की ओर से कर्नल सोफिया कुरैशी और वायुसेना की ओर से विंग कमांडर व्योमिका ने दी जानकारी

दो महिला सैन्य अधिकारियों ने दुनिया के समक्ष रखी 'ऑपरेशन सिंदूर' के पराक्रम की दास्तान

कर्नल सोफिया कुरैशी : मूल रूप से गुजरात के वडोदरा की रहने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी ने 1997 में एम.एस. यूनिवर्सिटी से बायोकेमिस्ट्री में मास्टर्स की डिग्री हासिल करने के बाद भारतीय सेना को चुना और कॉर्प्स ऑफ सिग्नल्स में शामिल होकर कई सफलताएं हासिल कीं। उनके दादा भी भारतीय सेना से जुड़े हुए थे। सोफिया आज खुद और उनके पति दोनों भारतीय सेना की मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री में अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। साल 2016 में कर्नल सोफिया ने भारतीय सेना के इतिहास में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

विंग कमांडर व्योमिका सिंह : 18 दिसंबर 2004 को भारतीय वायुसेना में कमीशन हुई विंग कमांडर व्योमिका सिंह मौजूदा समय की बेहतरीन विंग कमांडर में से एक हैं। उनके पास लड़ाकू हेलिकॉप्टर उड़ाने का बेहतरीन अनुभव है। चीता, चेतक जैसे लड़ाकू हेलिकॉप्टर उड़ाने में उन्हें महारथ हासिल है। उनके पास 2500 से भी ज्यादा घंटे की उड़ान का अनुभव और उन्हें ऊंचे पहाड़ी इलाकों में उड़ान की विशेषज्ञता हासिल है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर और उत्तर-पूर्व के दुर्गम पहाड़ी इलाकों में कई ऑपरेशन किए हैं।

सेना ने दिखाई आपरेशन सिंदूर की तस्वीरें

सेना का आपरेशन कुल 25 मिनट चला। जो फुटेज जारी किए गए, उनके मुताबिक मंगलवार रात 1:04 बजे से 1:11 बजे तक 7 मिनट में आतंकियों के कुल 9 टारगेट तबाह किए। हालांकि कर्नल सोफिया कुरैशी ने

अपने बयान में आपरेशन का समय रात 1.05 से 1.30 बजे के बीच बताया। सभी टारगेट्स पर आतंकियों के शेल्टर, ट्रेनिंग सेंटर और लॉन्च पैड बने हुए थे। यह दोनों तस्वीर मरकज तैयबा की है।

इन ठिकानों को बनाया गया निशाना

- सवाई नाला कैंप, मुजफ्फराबाद
- सैयदना बिलाल शिविर, मुजफ्फराबाद
- गुलपुर शिविर, कोटली
- अब्बास शिविर, कोटली
- बरनाला शिविर, भीमबेर
- सरजाल शिविर, सियालकोट
- मेहमूना जोया शिविर, सियालकोट
- मरकज तैयबा, मुरीदके
- मरकज सुभान, बहावलपुर

दागी गई 24 मिसाइलें 100 से ज्यादा आतंकी ढेर

इंडियन एयरफोर्स ने मंगलवार आधी रात 1:05 बजे पाकिस्तान और पीओके, यानी पाक अधिकृत कश्मीर के भीतर एयर स्ट्राइक की थी। इस हमले में 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया है। इसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। भारत की ये जवाबी कार्रवाई पहलगाम हमले के 15 दिन बाद की गई है और इसका नाम दिया है 'आपरेशन सिंदूर'। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने हत्या कर दी थी।

स्ट्राइक को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा- 'जय हिंद'

पाकिस्तान ने तनाव बढ़ाया तो भारत दृढ़ता से जवाब देने को तैयार: एनएसए डोभाल

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने विभिन्न देशों के अपने समकक्षों से कहा कि भारत का तनाव बढ़ाने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन अगर पाकिस्तान ऐसा करता है तो वह दृढ़ता से जवाबी कार्रवाई करने के लिए तैयार है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

ममता बोलीं- आतंक के खिलाफ जंग में हम साथ

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बैठक के बाद देशवासियों को संयम और एकता का संदेश दिया है। उन्होंने साफ कहा कि यह समय कंधे से कंधा मिलाकर देश के लिए काम करने का है और किसी भी तरह की अफवाह या भय की कोई जरूरत नहीं है।

सर्वदलीय बैठक में किया जाएगा 'ऑपरेशन सिंदूर' का खुलासा

पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले के बाद सरकार ने गुरुवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इसमें सरकार संसद के सभी राजनीतिक दलों को आपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी देगी। इसके पहले सरकार ने पहलगाम के आतंकी हमले के बाद 24 अप्रैल को सर्वदलीय बैठक में पहलगाम हमले की जानकारी साझा की थी। सभी दलों ने प्रभावी कार्रवाई के लिए सरकार को समर्थन दिया था। गुरुवार सुबह 11 बजे होने वाली सर्वदलीय बैठक संसद भवन पुस्तकालय कक्ष में होगी। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आपरेशन सिंदूर के बारे में संसद में सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को जानकारी देंगे। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा के साथ दोनों सदनों में नेता विपक्ष कांग्रेस के राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे शामिल होंगे।

तीन मिसाइलों से लैस राफेल फाइटर जेट ने पाकिस्तान की उड़ाई नींद

पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को तबाह करने में इस्तेमाल की गई स्कैल्प और हैमर मिसाइल

भारत ने पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को तबाह करके पहलगाम आतंकी हमले का बदला ले लिया इस जवाबी कार्रवाई में फ्रांसीसी लड़ाकू विमान राफेल से दागी गई स्कैल्प और हैमर मिसाइल भी फ्रांस में ही बनी हैं। राफेल में तीन तरह की मिसाइलें लगाई जा सकती हैं, जिसमें मीटियोर, स्कैल्प और हैमर मिसाइल हैं। इन तीनों मिसाइलों के साथ लैस होने की वजह से ही राफेल ने चीन और पाकिस्तान की नींद उड़ा रखी है। हाइली एजाइल एंड मैनोवरेबल म्यूनिशन एक्टेंडेड रेंज (हैमर) हवा से जमीन पर मार करने वाले रॉकेट के जरिए चलने वाली मिसाइल किट है। हैमर

मिसाइल हवा से जमीन पर 60 से 70 किलोमीटर तक दुश्मन को निशाना बना सकती है। राफेल में लगने वाली हैमर मिसाइल काफी खतरनाक है, जिसे जीपीएस के बिना भी 70

नियंत्रण रेखा से सटे गांवों पर पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी में 12 लोगों की मौत

पाकिस्तानी सेना ने बुधवार को जम्मू कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास स्थित गांवों को निशाना बनाकर भारी गोलाबारी की, जिसमें चार बच्चों सहित कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 57 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह गोलाबारी भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए जाने के तुरंत बाद हुई। अधिकारियों ने बताया कि सभी नागरिकों की मौत गोलाबारी से सबसे अधिक प्रभावित पुंछ जिले में हुई है। उन्होंने बताया कि 42 लोग घायल भी हुए हैं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान की अंधाधुंध गोलाबारी से सीमावर्ती निवासियों में दहशत फैल गई और उन्हें भूमिगत बंकरों में शरण लेने या अपने गांवों के भीतर या बाहर सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- पूरा देश हमारी ओर देख रहा था, ये तो होना ही था

भारत द्वारा पाकिस्तान के 9 स्थानों पर की गई एयर स्ट्राइक के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान पीएम मोदी ने केंद्रीय मंत्रियों को ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी। बैठक के दौरान पीएम मोदी ने कैबिनेट को बताया कि ऑपरेशन बिल्कुल योजना के अनुसार ही किया गया और इसमें किसी भी तरह की कोई गलती नहीं हुई। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सेना ने पहले से की गई विस्तृत तैयारियों का सख्ती से पालन करते हुए अत्यंत सटीकता के साथ मिशन को अंजाम दिया। बताया कि पीएम मोदी ने सशस्त्र बलों की उनके सराहनीय कार्य के लिए प्रशंसा की और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए तीनों सेनाओं की तारीफ की। ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि ये नया भारत है। पूरा देश हमारी ओर देख रहा था। ये तो होना ही था। कैबिनेट मंत्रियों ने सर्वसम्मति से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त किया और सशस्त्र बलों की उनके सफल संचालन के लिए सराहना की। केंद्रीय मंत्रियों ने कहा कि पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में प्रधानमंत्री और सैन्य प्रतिष्ठान के साथ मजबूती से खड़ा है। सीमा पार घुसपैठ के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले आतंकी ठिकानों और शिविरों को निशाना बनाकर किए गए इस हमले को सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ एक सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

1947 से अब तक हुए भारत-पाक सशस्त्र संघर्षों पर एक नजर

1947 (पहला भारत-पाक युद्ध) : इस युद्ध को प्रथम कश्मीर युद्ध के रूप में भी जाना जाता है। यह तब शुरू हुआ जब नव स्वतंत्र राष्ट्र भारत और पाकिस्तान के बीच तत्कालीन जम्मू कश्मीर रियासत को लेकर संघर्ष छिड़ गया।

1965 (दूसरा भारत-पाक युद्ध) : 5 अगस्त, 1965 को कश्मीर को लेकर सशस्त्र संघर्ष छिड़ गया। यह तब शुरू हुआ जब हजारों पाकिस्तानी सैनिकों ने स्थानीय विद्रोहियों के वेश में जम्मू कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पार भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की।

1971 (बांग्लादेश मुक्ति संग्राम) : 1971 का भारत-पाक युद्ध पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में पाकिस्तानी सेना के दमन की कार्रवाई और उस हिस्से से उठी स्वतंत्रता की मांग के कारण शुरू हुआ था।

1999 (करगिल युद्ध) : 1999 का करगिल युद्ध भारत और पाकिस्तान के बीच ऊंचाई वाले क्षेत्र में हुआ संघर्ष था, जो उस साल मई से जुलाई तक लड़ा गया था।

2016 (उरी हमला) : 18 सितंबर, 2016 को जम्मू कश्मीर के उरी में भारतीय सेना के एक केंद्र पर हुए आतंकवादी हमले में 19 सैनिकों के शहीद होने के बाद भारत ने 28-29 सितंबर की दरमियानी रात को नियंत्रण रेखा के पार सर्जिकल स्ट्राइक की।

2019 (पुलवामा हमला) : 26 फरवरी, 2019 को, भारतीय वायु सेना ने पुलवामा आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान के बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी प्रशिक्षण शिविर पर हवाई हमले किए। पुलवामा आतंकी हमले में 40 सीआरपीएफ जवान मारे गए थे।

खड़गे बोले- सेना की बहादुरी को सलाम

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- देश की सेना की बहादुरी को सलाम है। उनके साथ हम कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। हमारे भारतीय शस्त्र बलों पर हम गर्व करते हैं, जिन्होंने पाकिस्तान और पीओके के अंदर के ठिकानों पर साहसिक कार्रवाई की। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के दिन से ही कांग्रेस सेना और सरकार के साथ खड़ी थी।

राहुल बोले- हमें अपने सशस्त्र बलों पर गर्व

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सशस्त्र बलों की बहादुरी की सराहना करते हुए कहा, हमें अपने सशस्त्र बलों पर गर्व है। जय हिन्द। वहीं कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बयान में कहा कि यह समय एकता का है। 22 अप्रैल की रात से ही कांग्रेस यह स्पष्ट कह रही है कि सरकार को हमारा पूर्ण समर्थन रहेगा।

क्रूर हत्या के प्रति भारत की प्रतिक्रिया : शाह

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारत की ऐतिहासिक सैन्य कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम में हमारे निर्दोष भाइयों की क्रूर हत्या के प्रति भारत की प्रतिक्रिया है। केंद्रीय गृहमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर आज कहा कि हमें अपने सशस्त्र बलों पर गर्व है।

अपनी धरती पर हमले का जवाब : राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत निर्धारित लक्ष्यों को योजना के अनुसार सटीकता के साथ नष्ट कर दिया गया। पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ सशस्त्र बलों की जवाबी कार्रवाई की सराहना करते हुए सिंह ने कहा, भारत ने अपनी धरती पर हुए हमले का जवाब देने के अपने अधिकार का प्रयोग किया है।

BRIEF NEWS

सिरमटोली फ्लाईओवर निर्माण के लिए कल से छह ट्रेनें रहेंगी रद्द

RANCHI : रांची रेल मंडल के अंतर्गत चार लेन वाले सिरमटोली, सड़क सह रेल ऊपरी पूल निर्माण कार्य के लिए ब्लॉक लिया जाएगा। इसे लेकर कई ट्रेनें रद्द रहेंगी। रेलवे ने जिन ट्रेनों को रद्द किया है उनमें ट्रेन संख्या 18602/18601 हटिया - टाटानगर - हटिया एक्सप्रेस 14, 15, 20, 25, 26, 27, 28, 29 और 30 मई को रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 58034/58033 रांची - बोकारो स्टील सिटी - रांची पैसेंजर ट्रेन नौ, 13, 14, 15, 20, 25, 26, 27, 28, 29 और 30 मई को रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 58663/58664 हटिया - सांकि - हटिया पैसेंजर, ट्रेन नौ, 13, 14, 15, 20, 25, 26, 27, 28, 29 और 30 मई को रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 58665/58666 हटिया - सांकि - हटिया पैसेंजर ट्रेन नौ, 13, 14, 15, 20, 25, 26, 27, 28, 29 और 30 मई को रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 68036/68035 हटिया - टाटानगर - हटिया मेमू ट्रेन 25 और 30 मई को रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 18628/18627 रांची - हावड़ा - रांची एक्सप्रेस ट्रेन 25 मई को रद्द रहेगी। यह जानकारी रांची रेल मंडल ने बुधवार को दी।

'ऑपरेशन सिंदूर' स्वागत योग्य : शाहिद अयूबी

RANCHI : ऑपेरशन सिंदूर, पहलगाम आतंकी हमला का करारा जवाब और बेकसूरों को सच्ची श्रद्धांजलि है। भारतीय सैन्य बलों का यह हमला स्वागत योग्य है। उक्त बातें मुस्लिम युवा मंच के अध्यक्ष शाहिद अय्यूबी ने कहा।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को यह सीख दी जानी चाहिए कि फिर कभी दूसरा पहलगाम न हो। पाकिस्तान के आतंक ढांचे को पूरी तरह नष्ट कर देना चाहिए। भारतीय सेना ने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई प्रारंभ करना प्रशंसनीय है।

जमानत पर छूटे अपराधियों की जानकारी जुटाने की पुलिस को मिलेगी ट्रेनिंग

RANCHI : झारखंड में जेल से जमानत पर छूटे अपराधियों और कैदियों की जानकारी जुटाने के लिए पुलिसकर्मियों को ट्रेनिंग दी जाएगी। अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय, होटवार (रांची) से पुलिसकर्मियों को ऑनलाइन ट्रेनिंग दी जायेगी। इसमें बताया जायेगा कि ई-प्रिजन सिस्टम से अपराधियों की जानकारी कैसे डाउनलोड करते हैं। गौरतलब है कि झारखंड डीजीपी ने पिछले कुछ वर्षों में जमानत पर छूटे अपराधियों और कैदियों की ई-प्रिजन डिटेल डाउनलोड करने को लेकर विशेष ट्रेनिंग कराने का निर्देश दिया है। जारी निर्देश में कहा गया है कि गंभीर प्रवृत्ति के अपराधी, जो विगत वर्षों में जेल से जमानत पर हैं, उनसे संबंधित जानकारी ई-प्रिजन सिस्टम से डाउनलोड करने के लिए पुलिसकर्मियों को ट्रेनिंग दिया जाए।

राजधानी में हेसाग स्थित पशुपालन निदेशालय में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

138 पारा-वेट और 50 सहकारी समितियों को कृषि मंत्री ने दिए निबंधन प्रमाण पत्र

- प्रदेश में जहां औद्योगिक विकास की संभावना बहुत कम दिखती है, वहां बढ़ जाती है सहकारी समितियों की भूमिका
- सहकारी समितियों के सदस्यों को एक दूसरे की मदद करते हुए आगे बढ़ाने की जरूरत
- राज्य में 11 हजार 755 समितियां पंजीकृत, जिनमें से कई समितियां बेहतर काम कर रही हैं, जबकि कई समितियां शिथिल

कार्यक्रम में उपस्थित कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की व अन्य ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI : रांची के हेसाग स्थित पशुपालन निदेशालय में बुधवार को 138 पारा-वेट प्रशिक्षण प्रमाण पत्र और 50 सहकारिता समितियों के बीच निबंधन प्रमाण पत्र वितरण किया गया। प्रमाण पत्रों का वितरण राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की द्वारा किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि स्वरोजगार के क्षेत्र में सहकारी समितियों का बड़ा योगदान है। झारखंड जैसे प्रदेश में जहां औद्योगिक विकास की संभावना बहुत कम दिखती है, वहां सहकारी समितियों की भूमिका बढ़ जाती है। आज के दिन कई राज्यों में सहकारी समितियां बड़े-बड़े काम कर रही है। इस सोच के साथ सहकारी समितियों के सदस्यों को एक दूसरे की मदद करते हुए आगे बढ़ाने की जरूरत है। बगैर आपसी सामंजस्य से समितियों का विकास संभव नहीं है। मंत्री ने कहा कि राज्य में 11 हजार 755 समितियां पंजीकृत हैं, जिनमें से कई समितियां बेहतर काम कर रही हैं, जबकि कई समितियां शिथिल पड़ी हैं। उन्हें एक मौका जरूर दिया जाएगा, ताकि वो अपने काम की गति को बढ़ा सकें। अगर ऐसा नहीं करते हैं तो उनका निबंधन रद्द किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को ये नहीं पता की राशि का उपयोग रोजगार के लिए कैसे करना है। एसे में ये सहयोगी समितियों उनकी मदद कर सकती हैं। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि पाराभेट के प्रशिक्षण से पशु चिकित्सा , टीकाकरण , कृत्रिम गर्भधारण के काम में गति मिलेगी। प्रशिक्षण के बाद पाराभेट को क्या करना है, यह जान लेना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पशुधन सहायक की बहाली में पाराभेट को भविष्य में प्राथमिकता मिले इसकी कोशिश विभाग के द्वारा जरूर की जाएगी। मोबाइल वेटनरी वैन में भी एक पाराभेट प्रशिक्षु होंगे।

मंत्री ने कहा कि शिक्षा को अगर उपयोग में नहीं लाएंगे तो प्रशिक्षण का कोई मतलब नहीं रह जाएगा। कोई काम छोटा या बड़ा नहीं होता है। जो प्रशिक्षण दिया गया है, उसको क्षेत्र के लोगों के साथ साझा करने से पशुपालकों को लाभ मिलेगा। प्रमाण पत्र वितरण समारोह में उप निबंधक जार्ज अफ्रेम कुजूर, उप निदेशक मनोज तिवारी, सहायक निबंधक अशोक तिवारी, सैमसन टोप्पो सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई प्रारंभ : बाबूलाल मरांडी

PHOTON NEWS RANCHI : ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद देशभर में भारतीय सेना की प्रसंशा हो रही है। झारखंड में भी इस पर प्रतिक्रियाओं का दौर जारी है। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी ऑपरेशन सिंदूर सराहना की है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बाबूलाल मरांडी ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए इस्लामिक आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई प्रारंभ कर दी है। भारतीय सेना अपने चिर परिचित अंदाज में अद्भुत शौर्य और पराक्रम का परिचय देते हुए दुश्मन के घर में घुस कर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया है। हमारे देश की ओर आंख उठाकर भी देखने वाले आतंकवादियों और उसके रहनुमाओं का सिर कुचल दिया जाएगा। भारत माता की जय।

कांग्रेस ने मुसलमानों को धोखा दिया, अब देश का हर मुस्लिम मोदी के साथ : मौलाना सजिद रशीदी

PHOTON NEWS RANCHI : ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना मुहम्मद सजिद रशीदी ने वक्फ संशोधन विधेयक 2025 को ऐतिहासिक बताते हुए कांग्रेस पार्टी और ममता बनर्जी की सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक मुसलमानों के अधिकारों की रक्षा की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। कांग्रेस ने मुसलमानों को धोखा दिया, अब देश का हर मुस्लिम नरेन्द्र मोदी के साथ है। रशीदी बुधवार को रांची प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि अब मुसलमान जाग चुका है। अब हमें अपने बच्चों को सिर्फ. मदरसों तक सीमित नहीं रखना, बल्कि उन्हें मुख्यधारा की शिक्षा, तकनीकी कौशल और प्रशासनिक सेवाओं तक पहुंच दिलानी है। इसके लिए जरूरी है कि हमारी संपत्तियां, विशेषकर वक्फ संपत्तियां, सुरक्षित और उपयोगी हों। उन्होंने भी कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक सिर्फ मुस्लिमों की भलाई का नहीं, बल्कि पूरे समाज की पारदर्शिता और जवाबदेही का प्रतीक है। ऐसे में जो भी दल इसका विरोध करता है, वह सिर्फ. मुस्लिम समाज के हित के खिलाफ ही नहीं, बल्कि प्रगति और न्याय के खिलाफ भी है। सच्चर कमेटी और रंगनाथ मिश्रा जैसे आयोगों की अध्ययन रिपोर्टों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इन सभी में मुसलमानों की बदतर स्थिति उजागर हुई, लेकिन कांग्रेस ने कभी उन सिफारिशों को लागू नहीं किया। जबकि, आज मोदी सरकार ने पारदर्शिता, ई-गवर्नेंस और जवाबदेही के सिद्धांतों के आधार पर वक्फ सुधार का मार्ग प्रशस्त किया है।

जेपीएससी रिजल्ट जारी करने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन

जेपीएससी मुख्यालय के सामने प्रदर्शन करते अभ्यर्थी ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI : ग्यारहवीं जेपीएससी परीक्षा का परिणाम जारी न होने से नाराज अभ्यर्थियों ने बुधवार को आयोग के मुख्यालय के सामने प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों ने रिजल्ट जारी करो के नारे लगाये और जल्द से जल्द परिणाम घोषित करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान अभ्यर्थी काली और आसमानी रंग के मास्क पहने हुए थे।

अभ्यर्थियों का कहना है कि परीक्षा संपन्न हुए नौ महीने बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक परिणाम घोषित नहीं किया गया है। इससे न केवल उनकी नौकरी की उम्मीदें अधर में हैं, बल्कि मानसिक तनाव भी बढ़ता जा रहा है।

मनोज नामक अभ्यर्थी ने कहा कि परीक्षार्थी हमेशा दबाव में रहता है। हमने कड़ी मेहनत की है और महीनों से रिजल्ट का इंतजार कर रहे हैं। आयोग को हमारे भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का कोई हक नहीं है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले परीक्षा हुई थी। हमने अध्यक्ष नियुक्ति के लिए भी प्रदर्शन किया। अब अध्यक्ष चुने गए, फिर भी परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किए जा रहे हैं। आयोग यह स्पष्ट करे कि परिणाम में देरी क्यों हो रही है।

अभ्यर्थियों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द परिणाम घोषित नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। छात्र नेता सत्यनारायण शुक्ला ने कहा कि जब तक परिणाम जारी नहीं होता, तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से एहतियातन जेपीएससी मुख्यालय के बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे।

सिंदूर का बदला लेनेवाले भारतीय सेना पर गर्व : बन्ना गुप्ता

RANCHI : भारतीय सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान पोषित आतंकवादी ठिकानों पर हमले के लिए हमें भारतीय सैनिकों पर गर्व है। उन्होंने कहा कि सेना ने हमारी बहनों के सिंदूर मिटानेवालों के खिलाफ बदला ले लिया। यह बातें पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने बुधवार को कही। उन्होंने कहा कि हमारे देश के बहादुर सैनिकों ने सिर्फ पहलगाम का बदला नहीं लिया, बल्कि दुश्मन देश के साथ पूरे विश्व को एक कड़ा संदेश दिया है कि भारत की संप्रभूता और सम्मान पर जब भी हमला होगा तो भारत की सेना जवाब घर मे घुसकर जवाब देगी।

झामुमो के धरने को सफल बनाने पर हुई चर्चा

PHOTON NEWS RANCHI : रांची के मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला में झारखंड मुक्ति मोर्चा झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुश्ताक आलम की अध्यक्षता में बैठक हुई। बुधवार को हुई बैठक में नौ मई को जिला मुख्यालय में होनेवाले एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन को लेकर चर्चा हुई। पार्टी की ओर से यह कार्यक्रम सरना धर्म कोड को शामिल किए बिना जातिगत जनगणना कराए जाने के विरोध में आयोजित किया जा रहा है। इसे लेकर पार्टी राज्यर के सभी जिला मुख्यालयों मे धरना प्रदर्शन करेगी। बैठक में धरना प्रदर्शन की तैयारियों के बारे में चर्चा हुई। बैठक में मौजूद पार्टी नेताओं ने कार्यक्रम को लेकर कई सुझाव भी दिए। इसपर विचार-विमर्श कर सहमति बनाते हुए धरना प्रदर्शन को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ महुआ माजी, केंद्रीय प्रवक्ता मनोज कुमार पांडेय, तमाड के विधायक विकास सिंह मुंडा, केंद्रीय सदस्य अश्विनी शर्मा, डॉ हेमलाल मेहता, बीरू तिर्की, जयवंत तिग्गा, नयनतारा उरांव, झब्बूलाल महतो, सोनू मुंडा सहित अन्य पार्टी के वरीय नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

आदिवासियों के साथ छल है झामुमो का धरना : विजय शंकर नायक

RANCHI : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का नौ मई को प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम राज्य के आदिवासियों के साथ महज छल है। यह कार्यक्रम झामुमो आदिवासी समाज को भ्रमित करने और राजनीतिक स्वार्थ सिद्ध के लिए आयोजित कर रहा है। यह बातें आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने बुधवार को कही। उन्होंने कहा कि झामुमो का यह कार्यक्रम एक सुनियोजित प्रयास है जो झामुमो की ओर से आदिवासियों को किए गए वादों की विफलता को दशार्ता है। नायक ने इसे झामुमो के आदिवासी वोट बैंक को भुनाने की सस्ती चाल बताया है।

इटकी में हुआ 'विधिक सेवा आपके द्वार' कार्यक्रम

PHOTON NEWS RANCHI : डालसा की ओर से डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम के तहत इटकी प्रखंड के इटकी बाजार टांड़ में विधिक सेवा आपके द्वार कार्यक्रम का अयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम में पीएलवी उमेश कुमार, बेबी देवी, संगीता देवी, रिना लिंडा, शंकर साहू, अजय कुमार गोप, उमेश कुमार, राकेश मिश्रा और राजा वर्मा उपस्थित थे। मौके पर पीएवी उमेश कुमार ने लोगों को 10 मई को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि न्यायालय में यदि कोई मामला लंबित है तो राष्ट्रीय लोक अदालत में निबटारा करा सकते हैं। इससे समय और धन की बचत होगी। राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, वैवाहिक वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामलों को चिन्हित करके पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है।

बाल विवाह, डायन बिसाही और बाल श्रम की दी जानकारी

कार्यक्रम में पीएलवी बेबी देवी और संगीता देवी ने बाल विवाह, डायन बिसाही, बाल श्रम और नशा उन्मूलन के बारे में भी लोगों को जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को नशा नहीं करने की सलाह दी और कहा कि नशा से बचें अपना कीमती समय भविष्य को संवरने में लगाएं। इसके अलावा पीएलवी संगीता देवी और रिना लिंडा ने नालसा के 10 योजनाओं की जानकारी भी दी।

हाई कोर्ट ने निष्पादित की जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा गड़बड़ी की याचिका

RANCHI : झारखंड हाईकोर्ट ने बुधवार को प्रथम और द्वितीय जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की सीबीआई जांच में धीमी प्रगति के लिए दायर बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका को निष्पादित कर दिया। सुनवाई के दौरान अदालत ने बताया कि सीबीआई ने इस मामले में आरोप पत्र दायर कर दिया है। प्रार्थी की ओर से भी बताया गया कि याचिका में जो आग्रह किया गया था, वह पूरा हो गया है। दोनों पक्षों को सुनने रके बाद अदालत ने याचिका को निष्पादित कर दी। उल्लेखनीय है कि जेपीएससी प्रथम परीक्षा गड़बड़ी मामले में 4 मई 2024 को सीबीआई ने केस नंबर आरसी 5/2012 में सीबीआई की विशेष अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था।

कल से शुरू हो रहे तीन दिवसीय आयोजन का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे उद्घाटन

राजधानी में भव्य तरीके से होगा बांग्ला सांस्कृतिक मेला का आयोजन

जानकारी देते सुप्रियो भट्टाचार्य व अन्य ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI : रांची के बिरसा मुंडा जेल पार्क में बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय बांग्ला सांस्कृतिक मेला का आयोजन 9 से 11 मई तक किया जायेगा। इस आयोजन का उद्घाटन झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। ट्रस्ट के संरक्षक सुप्रियो भट्टाचार्य सहित अन्य ने संयुक्त रुप से बुधवार को प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मेला 9 मई को सुबह 9 बजे दुर्गा बाड़ी से निकलने वाली उस प्रभात फेरी से आरंभ होगा, जो एचपी रोड होते हुए बिरसा मुंडा जेल पार्क पहुंचेगी। इस प्रभात फेरी में महिलाएं पारंपरिक लाल पाड़ की साड़ी और पुरुष धोती-कुर्ता पहनकर भाग लेंगे। सबसे आगे कीर्तन मंडली होगी, जिसके पीछे फूल-मालाओं से सजे ट्रक पर रविंद्रनाथ टैगोर की तस्वीर, बांग्ला वर्णमाला और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की सजावट सांस्कृतिक गौरव को दर्शाएगी। हर शाम 6 बजे से स्थानीय कलाकारों की ओर से संगीत प्रस्तुतियां दी जाएंगी। शाम 7 बजे से कोलकाता से आए डांस ग्रुप ह्यडांस गिलह्न और मोहुल बैंड अपनी नृत्य और संगीत प्रस्तुति से मंच को जीवंत बनाएंगे।

ट्रस्ट के संरक्षक ने बताया कि मेले के दूसरे दिन 10 मई को सुबह 11 बजे से स्थानीय चित्रकारों की ओर से मेला थीम पर आधारित चित्रकला प्रदर्शनी लगाई जाएगी। शाम 5 बजे प्रसिद्ध बांग्ला लेखक समरेश बसु की जन्मशताब्दी के अवसर पर एक विशेष साहित्यिक व्याख्यान आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 7:30 बजे हास्य नाटक ह्यायम एपह्न का मंचन होगा और मल्हार कर्मकार बैंड संगीतमय समापन प्रस्तुति देगा।

मेला के अंतिम दिन, 11 मई को सुबह 11 बजे से पेंटिंग और पारंपरिक बांग्ला परिधान प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। शाम 6:30 बजे स्थानीय कलाकारों की संगीत प्रस्तुति के बाद, 7 बजे से सम्मान समारोह होगा। इस अवसर पर विशेष अतिथि डॉ. देवेश ठाकुर कविता पाठ करेंगे।

हमें भारतीय सेना के शौर्य पर गर्व : विहिप

RANCHI : विश्व हिंदू परिषद झारखंड-बिहार के सहमंत्री डॉ बिरेन्द्र साहु ने बुधवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारतीय सेना के जरिये नौ आतंकवादी ठिकानों पर हमलाकर उसका नामोनिशान मिटा दिया गया। यह भारतीय सेना का श्रेष्ठ शौर्य प्रदर्शन और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ़ इच्छा शक्ति का परिणाम है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी सेना के शौर्य पर गर्व है। हमारी सेना ने हिंदू बहनों के सुहाग उजाड़ने वाले आतंकियों को मारकर न सिर्फ उन बहनों का मान रखा है, बल्कि हमले में जान गंवाने वालों को सच्ची श्रद्धांजलि दी है। पाकिस्तान की ओर से प्रायोजित आतंक के अकाओं को अब यह पता चल गया कि 24 मिसाइलों के जरिये आक्रमण हो जाता है और उन्हें पता भी न चलता, यह सिर्फ और सिर्फ भारतीय सेना का शौर्य ही कर सकता है।

जेवीएम, श्यामली स्कूल में हुआ कविता पाठ

PHOTON NEWS RANCHI : जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली के दयानन्द प्रेक्षागृह में कक्षा छठी से दसवीं के छात्र-छात्राओं के बीच बुधवार को अंतर सदनीय हिंदी काव्य-पाठ प्रतियोगिता हुई।

कक्षा छठी से आठवीं तक के सब जूनियर समूह में राजेंद्र सदन सब अनमोल सिन्हा ने प्रथम,दयानंद और टैगोर सदन के क्रमशः वेद राज और अन्वी वैभव ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा टैगोर और राजेंद्र सदन की परिनंदिनी एवं सानवी बड़ाईक ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं तिलक सदन के अथर्व, आद्यांशा पलक और दयानंद सदन के अविघ्न चौधरी को प्रोत्साहन पुरस्कार मिला।

वहीं कक्षा नवीं से दसवीं तक के जूनियर समूह में टैगोर सदन के अभिनव कुमार, राजेंद्र सदन के शौर्यवर्धन, टैगोर सदन की काशवी रॉय ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त कर विजयी हुए। वहीं दयानंद सदन की अंशिका सिंह को प्रोत्साहन पुरुस्कार के लिए चुना गया।

छात्रों ने स्वरचित और हिंदी जगत के मुर्धन्य लेखकों दिनकर, निराला, हरिवंश राय बच्चन, मैथिलीशरण गुप्त के परशुराम की प्रतीक्षा, रश्मि रथी, मनुष्यता, जौहर, हे भारत के राम जगो, पथ की पहचान, हिमालय, राम की शक्ति पूजा कविता का पाठ किया। मौके पर श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Ranchi ● Thursday, 08 May 2025 ● Year : 03 ● Issue : 112 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com

E-Paper : epaper.thephotonnews.com

सुविचार

नई-नई आवश्यकताओं को बढ़ाकर मनुष्य ने अपना जीवन अस्वाभाविक बना लिया है।

-बाबू गुलाब राय

Ananya Panday Flaunts Oiled And Braided...

SHARE

सेंसेक्स	:	80,746.78
निफ्टी	:	24,414.40

SARAFA

सोना	:	9,250
चांदी	:	111.0

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक आज

RANCHI : राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक अब गुरुवार को होगी। पहले यह बैठक बुधवार को चार बजे से होनी थी। बुधवार को होने वाली मॉक ड्रिल के कारण कैबिनेट की बैठक में बदलाव किया गया है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने सूचित किया है कि मंत्रिपरिषद् की बैठक गुरुवार को दिन के तीन बजे से होगी। बैठक झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री करेंगे। इसमें कई अहम निर्णय लिए जाएंगे।

झारखंड में फिर गर्म हो रहा मौसम, आज से बढ़ेगा तापमान

RANCHI : झारखंड में मौसम फिर से गर्म हो रहा है। राज्य के कई जिलों में बुधवार को तापमान बढ़कर 36 डिग्री को पार कर गया। पश्चिमी सिंहभूम के चाईबासा में तापमान 37.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा जमशेदपुर में 36.4 और डाल्टेनगंज में तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने आठ मई के बाद तापमान में और बढोत्तरी होने की आशंका व्यक्त की है। विभाग ने बताया कि 15-20 को राज्य भर में प्रचंड गर्मी पड़ेगी। इससे तापमान में सात से आठ डिग्री वृद्धि होने की आशंका है। हालांकि अभी भी राज्य के कई जिलों में तापमान औसत से काफी कम है। राजधानी रांची में अधिकतम तापमान 33.3 डिग्री है जो औसत तापमान से चार डिग्री कम है।

सीमा पार तनाव के बीच सोना फिर पहुंचा एक लाख रुपये के पार

NEW DELHI : भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव बढ़ने से मांग में आई तेजी के बीच सोने की कीमतें राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को 1000 रुपये चढ़कर एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ ने कहा कि दिल्ली के बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1000 रुपये बढ़कर 1,00,750 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। मंगलवार को यह 99,750 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। सोना इसके पहले 22 अप्रैल को भी 1800 रुपये चढ़कर 1,01,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा था। बुधवार को 99.5 प्रतिशत की शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,050 रुपये बढ़कर 1,00,350 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

राजधानी में सायरन बजते ही शुरू हो गई मॉक ड्रिल, मेकॉन चौक पर किया गया अभ्यास

डीसी, एसएसपी, एसपी मौके पर पहुंचे, घंटे भर रहा ब्लैक आउट

PHOTON NEWS RANCHI : पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, बुधवार को शाम के 4 बजते ही राजधानी रांची के डोरंडा इलाके के मेकॉन लिमिटेड के भवन में हमले की सूचना मिली। इस दौरान कई लोगों के हताहत होने की जानकारी सामने आई। जानकारी मिले ही जिले के एसएसपी, एसपी, डीसी सहित तमाम बड़े अधिकारी आनन-फानन में मेकॉन पहुंचे। यहां अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ था। माहौल का जायजा लेते हुए अग्निशमन की गाड़ियां और एम्बुलेंस को मौके पर बुलाया गया। इस दौरान राहत और बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की टीम भी पहुंची। इसके साथ ही राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। हताहत लोगों को एनसीसी और एनडीआरएफ के जवान निकालने में जुट गए। दरअसल यह नजारा वास्तविक हमले के बाद का नहीं था। यह एक अभ्यास था। इस आयोजन का उद्देश्य था लोगों को इस बात की जानकारी देना कि अगर कभी परिस्थितियां विपरीत होती हैं, तो उस दौरान खुद को कैसे बचाना है। वहीं यह भी देखना था कि प्रशासन और पुलिस किस स्तर तक विपरीत परिस्थिति से निपटने के लिए खुद को तैयार रखी हुई है।

मॉक ड्रिल के दौरान मेकॉन में ब्लैक आउट

- माहौल का जायजा लेते हुए अग्निशमन की गाड़ियां और एंबुलेंस को मौके पर बुलाया गया
- राहत व बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की टीम भी पहुंची

3 घंटे तक चली मॉक ड्रिल

राजधानी रांची में मॉक ड्रिल की प्रक्रिया 4 बजे शुरू हुई। यह शाम 7 बजे तक चली। इस दौरान जहां बचाव और राहत कार्य के तरीके दिखाए गए वहीं ब्लैक आउट कर लोगों को अंधेरे में खुद को सुरक्षित बनाए रखने का अभ्यास कराया गया।

देश के 244 डिफेंस डिस्ट्रिक्ट में हुआ अभ्यास

NEW DELHI : बुधवार को देश के 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 244 सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट में ब्लैकआउट एक्सरसाइज की गई। गृह मंत्रालय ने इन जगहों को सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट के तौर पर लिस्ट किया है। ये सामान्य प्रशासनिक जिलों से अलग हैं। इससे पहले, इधर, इन 244 डिस्ट्रिक्ट में युद्ध के दौरान बचाव के तरीकों को लेकर मॉक ड्रिल हुई। इसमें लोगों, कर्मचारियों, स्टूडेंट्स को आपात स्थिति में बचाव और लोगों को निकालने के तरीके समझाए गए। सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट्स को उनकी संवेदनशीलता के आधार पर 3 कैटेगरी में बांटा गया है। कैटेगरी-1 सबसे संवेदनशील और कैटेगरी-3 कम सेंसेटिव है। गृह मंत्रालय ने 5 मई को सभी राज्यों को मॉक ड्रिल कराने के आदेश जारी किए थे। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 55 स्थानों पर सुरक्षा मॉक ड्रिल (सुरक्षा अभ्यास) की गई और इस दौरान तेज आवाज में बजते सायरन, सुरक्षित स्थानों की ओर भागते लोग, स्ट्रेचर पर घायल लोगों को ले जाये जाने जैसे कुछ दृश्य दिखे। राष्ट्रव्यापी ऑपरेशन अभ्यास के तहत हवाई हमलों, एक साथ कई स्थानों पर आग लगने की घटनाओं और खोज व बचाव अभियान जैसे विभिन्न परिदृश्यों का किस तरह सामना करना है, इसको दर्शाते हुए मॉक ड्रिल की गई। कई स्थानों पर पीसीआर वैन और दमकल गाड़ियां तैनात की गईं, जबकि सुरक्षा कर्मियों और नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की भारी तैनाती की गई। खान मार्केट में, सायरन बजाए गए और लोगों को निकासी अभ्यास के तहत भागने के लिए कहा गया। चांदनी चौक में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों, कर्मियों और एनसीसी कैडेट की मौजूदगी में मॉक ड्रिल की गई। टाउन हॉल के पास चांदनी चौक में निकासी अभ्यास शुरू होते ही बाजार क्षेत्र में सायरन बजने लगे, जिससे लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। बचाव कार्य शुरू करने का संकेत देते हुए दूसरा सायरन बजाया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों को घायलों को बचाने जबकि लोगों से शांत रहने और घायलों की मदद करने का अभ्यास कराया गया। दिल्ली अग्निसेवा की क्रेन का इस्तेमाल ऊंची इमारतों तक पहुंचने और फंसे हुए लोगों को निकालने को दर्शाया गया। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सायरन बजाया गया। चिकित्सकों का एक दल और कई एंबुलेंस के साथ दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंचीं। एनडीएमसी बिल्डिंग में अलार्म सायरन बजाया गया और कर्मचारियों को बाहर निकालकर बेसमेंट में ले जाया गया। आरबीआई बिल्डिंग में भी मॉक ड्रिल की गई जिसमें कांच की खिड़कियों से दूर रहने और दोनों हाथों से सिर ढककर छिपने के लिए सुरक्षित जगह खोजने के निर्देश दिए गए।

सेंट्रल कैबिनेट ने पांच आईआईटी की शैक्षणिक और बुनियादी ढांचे की क्षमता विस्तार को दी मंजूरी

- 130 संकाय पदों के सृजन को भी मिली हरी झंडी
- उद्योग-अकादमिक संबंधों को मजबूत करने के लिए बनाए जा रहे पांच नए अत्याधुनिक अनुसंधान पार्क

AGENCY NEW DELHI : बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने पांच नए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) की शैक्षणिक और बुनियादी ढांचे की क्षमता के विस्तार को मंजूरी दे दी। ये पांच नए आईआईटी आंध्र प्रदेश (आईआईटी तिरुपति), केरल (आईआईटी पलक्कड़), छत्तीसगढ़ (आईआईटी भिलाई), जम्मू-कश्मीर (आईआईटी जम्मू) और कर्नाटक (एचटी धारवाड़) राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में स्थापित किए गए हैं। शिक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 2025-26 से 2028-29 तक चार वर्षों की अवधि में इसकी कुल लागत 11,828.79 करोड़ रुपये है। कैबिनेट ने इन आईआईटी में 130 संकाय पदों (प्रोफेसर स्तर यानी लेवल 14 और उससे ऊपर) के सृजन को भी मंजूरी दी है। उद्योग-अकादमिक संबंधों को मजबूत करने के लिए पांच नए अत्याधुनिक अनुसंधान पार्क भी बनाए जा रहे हैं। आईआईटी में प्रवेश अखिल भारतीय आधार पर होता है और इसलिए इस विस्तार से देशभर के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को लाभ होगा। 2025-26 की बजट घोषणा में कहा गया है कि पिछले 10 वर्षों में 23 आईआईटी में छात्रों की कुल संख्या 65,000 से 1.35 लाख तक 100 प्रतिशत बढ़ गई है।

बढ़ेगी विद्यार्थियों की संख्या

निर्माण पूरा होने पर ये पांच आईआईटी वर्तमान छात्र संख्या 7,111 के मुकाबले 13,687 छात्रों को शिक्षा प्रदान करने में सक्षम होंगे, यानी 6,576 छात्रों की वृद्धि होगी। सीटों की कुल संख्या में इस वृद्धि के साथ अब 6,500 से अधिक अतिरिक्त छात्र देश के सबसे प्रतिष्ठित और मांग वाले शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययन करने की अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने में सक्षम होंगे। छात्रों और सुविधाओं की बढ़ती संख्या का प्रबंधन करने के लिए संकाय, प्रशासनिक कर्मचारियों, शोधकताओं और सहायक कर्मियों की भर्ती के माध्यम से प्रत्यक्ष रोजगार उत्पन्न होगा। उल्लेखनीय है कि ये पांच नए आईआईटी आंध्र प्रदेश (आईआईटी तिरुपति), केरल (आईआईटी पलक्कड़), छत्तीसगढ़ (आईआईटी भिलाई), जम्मू-कश्मीर (आईआईटी जम्मू) और कर्नाटक (आईआईटी धारवाड़) राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में स्थापित किए गए थे।

अब आस्था पथ और मंदिर प्रांगण से होंगे बाबा केदारनाथ के दर्शन

RUDRAPRAYAG : श्री केदारनाथ धाम में इस वर्ष की यात्रा को और भी भव्य एवं श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने एक अभिनव पहल की है। अब श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शनों के साथ-साथ उनकी दिव्यता और महिमा का साक्षात अनुभव मंदिर प्रांगण और आस्था पथ पर भी कर सकेंगे। देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु बाबा केदारनाथ के दर्शन हेतु केदारपुरी पहुंचते हैं। अक्सर मंदिर तक पहुंचने से पहले लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ता है। ऐसे में श्रद्धालुओं की आस्था और धैर्य को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा एक विशेष योजना के तहत आस्था पथ और मंदिर प्रांगण में एलसीडी स्क्रीन लगाए गए हैं, जिन पर बाबा केदारनाथ के लाइव दर्शन दिखाए जा रहे हैं।

चंद्रमा पर होंगे भारतीय अंतरिक्ष यात्री के पदचिह्न, मंगल और शुक्र भी रडार पर : प्रधानमंत्री मोदी

NEW DELHI @ PTI : बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में नए विश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है और उसके अंतरिक्ष यात्रियों के कदम चांद पर पहुंचेंगे। वैश्विक अंतरिक्ष अन्वेषण सम्मेलन के लिए अपने रिकॉर्ड किए गए संदेश में मोदी ने कहा कि देश में अन्वेषण के मिशनों में मंगल और शुक्र भी हमारे रडार पर हैं। उन्होंने मंगलवार को रिकॉर्ड किए गए वीडियो संदेश में कहा, भारत की अंतरिक्ष यात्रा का अर्थ दूसरों से प्रतिस्पर्धा करना नहीं है। इसका अर्थ है एक साथ मिलकर ऊंचाइयों को छूना। हम मानवता की भलाई के लिए अंतरिक्ष की खोज करने के वास्ते एकसाथ मिलकर लक्ष्य साझा करते हैं।

- भारत की अंतरिक्ष यात्रा का अर्थ दूसरों से प्रतिस्पर्धा करना नहीं, बल्कि एक साथ मिलकर ऊंचाइयों को छूना है
- भारत ने अपने प्रक्षेपण यानों से 34 देशों के 400 से अधिक उपग्रह किए प्रक्षेपित

उन्होंने कहा कि भारत ने दक्षिण एशियाई देशों के लिए एक उपग्रह प्रक्षेपित किया है और जी-20 देशों की अध्यक्षता के दौरान घोषित जी-20 उपग्रह मिशन ग्लोबल साउथ के लिए एक उपहार होगा। मोदी ने 2027 की शुरूआत में प्रस्तावित प्रक्षेपण का जिक्र करते हुए कहा, हमारा पहला मानव अंतरिक्ष-उड़ान मिशन गगनयान हमारे देश की बढ़ती आकांक्षाओं को प्रदर्शित करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले हफ्तों में, एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए इसरो-नासा के संयुक्त मिशन के तहत अंतरिक्ष की यात्रा करेगा। एक्सिओम-4 मिशन को 29 मई को प्रक्षेपित करने की योजना है और भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला तथा तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री कक्षीय प्रयोगशाला में 14 दिन का प्रवास करेंगे। इसी तरह ग्लेक्स-2025 का आयोजन अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्री महासंघ और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा किया जा रहा है। मोदी ने कहा, अंतरिक्ष केवल एक मंजिल नहीं है। यह जिज्ञासा, साहस और सामूहिक प्रगति की घोषणा है।

पलामू में सड़क हादसा, चार की मौत

PHOTON NEWS PALAMU : मेदिनीनगर-पांकी मुख्य मार्ग पर पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के बसडीहा में डंडार कॉलेज के पास मंगलवार रात सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई। एक ट्रक ने पहले जाइलो कार को टक्कर मारी और फिर भागते हुए एक बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में जाइलो पर सवार जीजा-साला सहित चार लोगों की मौत हो गई। जाइलो में सवार एक महिला की हालत गंभीर है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद रांची रेफर किया गया है।

मृतकों में जाइलो सवार पांकी थाना क्षेत्र के दीदरा गांव निवासी कर्मदयाल यादव और रतनपुर निवासी गुलाबी यादव शामिल हैं, जबकि बाइक सवार मृतकों में युवक युवराज सिंह और श्याम दयाल सिंह हैं। दोनों हरना पांकी के रहने वाले थे।

गुलाबी यादव की पत्नी को रांची रेफर किया गया है। जाइलो में सवार अन्य तीन लोगों को मामूली चोटें आई हैं।

सभी लोग हूरलौंग में एक तिलक समारोह में जा रहे थे। दोनों मृतक हरियाणा की प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करते थे और शादी में शामिल होने के लिए पांच दिन पहले ही गांव आए थे।

विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने पहले जाइलो को टक्कर मारी और फिर बाइक को चपेट में ले लिया।

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए 22 नक्सली

- अभियान के दौरान अब तक ढेर हुए 26 नक्सली

BIJAPUR @ PTI : छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में जारी नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षाबलों ने बुधवार को 22 नक्सलियों को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के करेगुट्टा की पहाड़ियों और छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर स्थित पहाड़ियों में 21 अप्रैल को मिशन संकल्प नाम से अभियान शुरू किया गया था जिसमें लगभग 24 हजार जवान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत आज सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई जिसमें 22 नक्सलियों को ढेर कर दिया गया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, इससे पहले सोमवार को सुरक्षाबलों ने एक वर्दीधारी महिला नक्सली को मार गिराया था तथा घटनास्थल से हथियार और अन्य सामान बरामद किए थे। वहीं 24 अप्रैल को तीन महिला नक्सली के शव बरामद किए गए थे। उन्होंने बताया कि इस अभियान में सुरक्षाबलों ने अब तक कुल 26 नक्सलियों को मार गिराया है। अधिकारियों ने बताया कि बीजापुर जिले के दक्षिण पश्चिम सीमावर्ती क्षेत्र के जंगल में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना के बाद सुरक्षा बल के जवानों को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया था।

गंभीर संकट जहरीली हवा ने सांसों की प्राकृतिक गति के लिए खड़ी की परेशानी

भीषण गर्मी में मौत के खतरे को कई गुना बढ़ा रहे प्रदूषण के हालात

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK : मानवीय गतिविधियों ने जलवायु परिवर्तन की ऐसी स्थिति पैदा कर दी है, जो मानव जीवन के लिए ही गंभीर संकट का सबब है। सामान्य से अधिक टेंपरेचर की वजह से प्रदूषण की स्थिति भी गंभीर हो रही है। इस साल देश में फरवरी महीने का अधिक टेंपरेचर और मार्च में समय से पहले गर्मी की दस्तक अच्छा संकेत नहीं है। ऐसा देखने में आ रहा है कि भारत के शहर हर साल दो बेहद गंभीर, लेकिन अक्सर नजरअंदाज किए जाने वाले खतरे झेल रहे हैं। ये खतरे हैं- भीषण गर्मी और जहरीली हवा। हाल में हुए नए रिसर्च से पता चला है कि जब ये दोनों खतरे एक साथ होते हैं, तो उनका प्रभाव न सिर्फ घातक होता है, बल्कि मौत के खतरे को कई गुना बढ़ा देते हैं। इस संबंध में स्वीडन के कैरोलिंस्का इंस्टीट्यूट ऑफ एनवायरनमेंटल मेडिसिन के शोधकताओं ने विशेष अध्ययन किया है। यह महत्वपूर्ण अध्ययन 'एनवायरमेंट इंटरनेशनल' जर्नल में विस्तार से प्रकाशित किया गया है। इस अध्ययन से पता चलता है कि जिन दिनों में वायु प्रदूषण और अत्यधिक तापमान एक साथ चरम पर होते हैं, उन दिनों मृत्युदर में अप्रत्याशित इजाफा होता है।

जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान में वृद्धि की वजह से बढ़ी समस्या

- कैरोलिंस्का इंस्टीट्यूट ऑफ एनवायरनमेंटल मेडिसिन के शोधकताओं ने किया अध्ययन
- एनालिसिस के साथ 'एनवायरमेंट इंटरनेशनल' जर्नल में प्रकाशित की गई है विस्तृत रिपोर्ट
- ठीक नहीं इस साल फरवरी का टेंपरेचर और मार्च में समय से पहले गर्मी की दस्तक
- घनी आबादी वाले क्षेत्रों में अधिक खतरनाक होते है अनपेक्षित गर्मी और प्रदूषण के असर

तत्काल और सुसंगत प्रयासों की जरूरत

शोध से जुड़े प्रोफेसर जेरोन डी बोंट के अनुसार यह संयुक्त प्रभाव विशेष रूप से घनी आबादी वाले क्षेत्रों में बेहद खतरनाक साबित होते है, जहां लोग पहले से ही स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी से जूझते हैं। यही कारण है कि वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के स्रोतों को नियंत्रित करने के लिए तत्काल और सुसंगत प्रयासों की जरूरत है। भारत को चाहिए कि वह इस दोहरे खतरे को नजरअंदाज करने के बजाय इसे नीति निर्धारण की प्राथमिकता बनाए। यदि अभी कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले वर्षों में यह संकट न केवल पर्यावरणीय, बल्कि लाखों लोगों के जीवन पर सीधा असर डालेगा।

अधिक गर्मी और कम प्रदूषण की स्थिति में अप्रत्याशित नहीं देखी जाती मृत्यु दर

36 लाख से अधिक मौतों का किया गया विश्लेषण

भारत जैसे देशों में गर्मी और प्रदूषण में साल-दर-साल वृद्धि हो रही है। शोधकताओं ने 2008 से 2019 के बीच भारत के 10 बड़े शहरों में 36 लाख से अधिक मौतों का विश्लेषण किया। शोध में सामने आया कि जब तापमान अत्यधिक बढ़ जाता है और उसी समय पीएम2.5 कणों का स्तर 10 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर बढ़ता है, तो मृत्यु दर में 4.6% की वृद्धि हो जाती है। यह उस वृद्धि से कई गुना ज्यादा है जो केवल गर्मी या केवल प्रदूषण के प्रभाव में देखी जाती है। यहां तक कि जब पीएम 2.5 का स्तर 100 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर तक पहुंचता है, तो मृत्यु का जोखिम 64% तक बढ़ जाता है।

14 वर्षीय आदिवासी लड़की को 35 साल के व्यक्ति के हाथों बेचा, आठ लोग अरेस्ट

THANE : महाराष्ट्र के ठाणे जिले में हाल ही में 14-वर्षीय आदिवासी लड़की से शादी करने वाले 35-वर्षीय व्यक्ति सहित आठ लोगों को बुधवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शादी करने वाले व्यक्ति ने नाबालिग लड़की को उसके माता-पिता को कथित तौर पर पैसे देकर खरीदा था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि लड़की कातकरी समुदाय से है। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों से पुरुषों का ठाणे जिले के आदिवासी इलाके में आना और दुल्हन के लिए पैसे देना इस क्षेत्र में एक नया चलन है। पुलिस के अनुसार, नाबालिग लड़की के पिता ने उसकी शादी पश्चिमी महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के निवासी मंगेश गडेकर (35) से 1.20 लाख रुपये में तय की थी।

पत्नी संग बोकारो पहुंचे सीएम हेमंत पूर्व मंत्री के बेटे-बहू को दिया आशीर्वाद

RANCHI : बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी विधायक पत्नी कल्पना सोरेन के साथ बोकारो जिले के चंद्रपुरा प्रखंड के अलारगो गांव पहुंचे। यहां वे प्रदेश के पूर्व मंत्री दिवंगत जगन्नाथ महतो के सुपुत्र अखिलेश महतो उर्फ राजू के विवाह के बाद आयोजित आशीर्वाद समारोह में शामिल हुए। हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी ने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया और उनके सुखद और खुशहाल दांपत्य जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री ने नवविवाहित जोड़े को फूलों का गुलदस्ता देकर बधाई दी। इस खास मौके पर उन्होंने जगन्नाथ महतो की पत्नी और प्रदेश की पूर्व मंत्री बेबी देवी एवं उनके परिजनों को भी हार्दिक बधाई तथा शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि जगन्नाथ महतो लंबे समय से राजनीति में सक्रिय रहे थे। वर्ष 2014 में हुए विधानसभा चुनाव में उन्होंने डुमरी विधानसभा से जीत हासिल की थी। उन्होंने झारखंड में शिक्षा मंत्री का पद संभाला था।

समाचार सार

साढ़े 5 किलोमीटर लंबी सड़क का शुरू हुआ निर्माण

CHAKRADHARPUR : चक्रधरपुर प्रखंड के होयोहातु पंचायत के सोनारामा जहिरा स्थल से कामेगाड़ा तक साढ़े 5 किलोमीटर सड़क का निर्माण बुधवार से शुरू हो गया। आरईओ विभाग से बनने वाली सड़क का भूमिपूजन बुधवार को विधायक प्रतिनिधि पीरू हेम्ब्रम, बंदगांव प्रतिनिधि मिथुन गागराई तथा झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सन्नी उरांव ने किया। सड़क 3 करोड़ 79 लाख रुपये की लागत से बनेगी। सन्नी उरांव ने कहा कि यह सड़क काफी जर्जर हो चुकी है। ग्रामीणों द्वारा लगातार सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी। इसके बाद विधायक सुखराम उरांव ने प्राथमिकता के आधार पर योजना की स्वीकृति दिलाई। इस सड़क मार्ग से दर्जनों विद्यालय जुड़ते हैं तथा होयोहातु पंचायत के साथ-साथ बंदगांव प्रखंड के ग्रामीण भी आवगमन करते हैं। सप्ताह में दो दिन हाट लगता है, इसका भी फायदा ग्रामीणों को सड़क बनने से मिलेगा।

सीएचसी में दूर होगी चिकित्साकर्मियों की कमी : विधायक

MANOHARPUR : विधायक जगत माझी ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। विधायक ने ऑपरेशन थिएटर भी देखा और चिकित्सा पदाधिकारी से स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जानकारी ली। विधायक ने बताया कि अस्पताल में चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मियों की कमी जल्द ही दूर की जाएगी। विधायक ने अस्पताल में इलाजरत झामुमो कार्यकर्ता बहादुर मुर्मू से भी हाल-चाल जाना। बहादुर मुर्मू पिछले दिनों सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। इसके अलावा अस्पताल में भर्ती अन्य मरीजों से भी मुलाकात की और स्वास्थ्य का हालचाल लिया।

दीवार गिरने से मृत व्यक्ति के परिजन को मिलेगा मुआवजा

GHATSILA : गालूडीह थाना क्षेत्र के बाघुडिया गांव में मंगलवार की रात मिट्टी की दीवार गिरने से 42 वर्षीय विश्वनाथ टुडू की मौत हो गई थी। सूचना मिलने पर बुधवार को शिक्षा मंत्री के प्रतिनिधि जगदीश भकत के नेतृत्व में झामुमो का प्रतिनिधिमंडल अनुमंडल अस्पताल, घाटशिला पहुंच कर घटना की जानकारी ली। उन्होंने तत्काल अंचलाधिकारी निशान अंबर से बात कर आपदा प्रबंधन से मुआवजा दिलाने की बात कही। अंचलाधिकारी ने परिजनों से मिलकर मृतक की पत्नी रुक्मिणी टुडू को मुआवजा के लिए आवेदन देने को कहा। बुधवार को ही पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया।

जरुली में बनेगी रेलवे की हेल्थ यूनिट

JAMSHEDPUR : चक्रधरपुर रेल मंडल के जरुली में पदस्थापित लगभग एक हजार रेल कर्मचारियों के लिए राहत की खबर है। उन्हें इलाज के लिए डंगुवापोसी नहीं जाना पड़ेगा, क्योंकि जरुली में ही रेलवे हेल्थ यूनिट खुलेगा। रेलवे मेंस यूनियन ने इस मुद्दे को पीएनएम मीटिंग में उठाया था। मेंस यूनियन के मंडल संयोजक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि रेल प्रशासन ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए अब हेल्थ यूनिट के निर्माण की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। चक्रधरपुर में बुधवार को एक बैठक बुलाई गई थी, इसमें हेल्थ यूनिट का विस्तृत प्रपोजल तैयार किया गया। मनोज सिंह ने बताया कि जरुली और बांसपानी में कार्यरत रेल कर्मचारियों को इलाज के लिए परेशानी कम होगी। हेल्थ यूनिट बनने से अब कर्मचारी स्थानीय स्तर पर ही प्राथमिक चिकित्सा सुविधा पा सकेंगे।

सरकारी स्कूलों में लगाई अस्थायी अमृतधारा

JAMSHEDPUR : मारवाड़ी युवा मंच, टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा स्वास्थ्य, जलयोजन और सामुदायिक देखभाल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकारी स्कूलों में अमृतधारा एवं जूस वितरण की शुरूआत बुधवार से की गई। इसके तहत बागबेड़ा, परसुडीह और सोनारी के विभिन्न सरकारी स्कूलों और मंदिर के पास अस्थायी अमृतधारा लगाई गई। इस मौके पर शाखा अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, शाखा सचिव विजय सोनी, कोषाध्यक्ष मनीष अग्रवाल, संस्थापक अध्यक्ष सुगम सरायवाला, उमंग अग्रवाल (अमृतधारा संयोजक), शिव चौधरी, सौरव अग्रवाल, महेश अग्रवाल आदि मौजूद थे।

जेम्को मैदान में हो रहे काम को बस्तीवासियों ने रोका

JAMSHEDPUR : टेल्को क्षेत्र के जेम्को मैदान का घेराव जारी है। इसके साथ ही बुधवार को गलत काम होने की सूचना पर बस्तीवासियों ने विरोध किया और काम को तत्काल बंद कराया। बस्तीवासियों का कहना है कि बच्चों को खेल का मैदान दिया जाए। स्थानीय निवासी रीता कौर ने बताया कि मैदान में स्टे लगने के बाद भी काम किया जा रहा है।

चाकुलिया में हाथी के हमले से महिला की मौत, दूसरी गंभीर रूप से घायल

पत्ता तोड़ने गई थीं डुमुरडीहा गांव से सटे जंगल

PHOTON NEWS JSR : पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया वन क्षेत्र में बुधवार को डुमुरडीहा गांव से सटे साल के जंगल में पत्ता तोड़ने गई दो महिलाओं पर एक हाथी ने अचानक हमला कर दिया। इस हमले में 54 वर्षीय महिला बेहुला नायक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी महिला शांति देवी गंभीर रूप से घायल हो गई है। उसे इलाज के लिए परिजनों द्वारा झाड़ग्राम, पश्चिम बंगाल ले जाया गया है।

हादसे की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के विधायक समीर मोहंती, पंचायत के मुखिया शिवचरण हांसदा और प्रभारी फॉरेस्टर कल्याण महतो गांव पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। मृतका के परिजनों को वन विभाग द्वारा तत्काल राहत के तौर पर 50 हजार रुपये की सहायता राशि दी गई है, शेष मुआवजा राशि सरकारी प्रक्रिया के बाद जल्द देने की बात कही गई है।

परिजनों को मुआवजा राशि देते विधायक समीर मोहंती ● फोटोन न्यूज

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि जंगल में हाथी का लगातार विचरण हो रहा है और वह शाम होते ही गांव में प्रवेश कर उपद्रव मचाते हैं। इस स्थिति से ग्रामीणों में भारी भय और आक्रोश है। ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि घटना की जानकारी देने के बावजूद विभागीय अधिकारी और कर्मचारी काफी देर से पहुंचे। साथ ही, विभाग द्वारा किसी भी तरह की पूर्व सूचना नहीं दी जाती, जिससे ग्रामीण समय रहते सतर्क नहीं हो पाते।

ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि क्षेत्र में हाथी की मौजूदगी की जानकारी समय-समय पर दी जाए और जंगल में काम करने वाले ग्रामीणों को सुरक्षा मुहैया कराई जाए। हाथी को जल्द से जल्द गांव से दूर सुरक्षित स्थान पर भेजने की भी मांग की गई है।

बकरी चराने गई दादी-पोती की वज्रपात से मौत

PHOTON NEWS GHATSILA : पूर्वी सिंहभूम जिले के गालूडीह थाना क्षेत्र के खड़ियाडीह गांव में बुधवार की शाम बकरी चराने गई दादी व पोती की वज्रपात से मौत हो गई। बुधवार की शाम बिना बारिश के ही आकाशीय बिजली चमक रही थी। इस दौरान वज्रपात की चपेट में आने से 62 वर्षीय दादी बसंती महतो एवं पोती कक्षा 8 की छात्रा काकुली महतो की मौत बड़ा बांध के समीप मैदान में ही हो गई। बारिश छूटने के बाद घर नहीं पहुंचने पर परिवार वालों ने खोजबीन शुरू की, तो देखा कि दोनों बांध के सामने मैदान में पड़ी है। परिवार वालों ने उठाकर गालूडीह के निरामय हेल्थ केयर ले गए, जहां से चिकित्सक ने उसे अनुमंडल अस्पताल रेफर कर दिया।

अस्पताल पहुंचे परिजन व अन्य ● फोटोन न्यूज

अनुमंडल अस्पताल की चिकित्सक डॉ. मीरा मुर्मू ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंचे मंत्री प्रतिनिधि जगदीश भगत एवं झामुमो के वरिष्ठ नेता काजल डान ने शवों को रखने की व्यवस्था अनुमंडल अस्पताल में कराई। उन्होंने कहा कि गुरुवार को सुबह पोस्टमार्टम के बाद ही आगे की कार्रवाई करते हुए दोनों को उचित मुआवजा आपदा प्रबंधन से दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

छात्रों का रक्षासूत्र तोड़ने वाली शिक्षिका ने मांगी माफी, जांच कमेटी गठित

हिंदू संगठनों ने किया प्रदर्शन, लगाए नारे, टीचर पर कार्रवाई की मांग

PHOTON NEWS JSR : कदमा स्थित डीबीएमएस हाई स्कूल में छात्रों की कलाई पर बंधा कलावा (रक्षासूत्र) जबरन तोड़ने के मामले में शिक्षिका ने माफी मांग ली है। हिंदू संगठनों ने आरोप लगाया कि कक्षा 8-डी के छात्र आदित्य ओझा समेत कई बच्चों की कलाई से शिक्षिका शगुफ्ता नाज ने रक्षासूत्र काटकर हटाया और आगे न पहनने की चेतावनी दी थी। इस घटना को लेकर छात्र के पिता पवन ओझा ने विद्यालय प्रबंधन को लिखित शिकायत दी है। वहीं शिक्षा सत्याग्रह के अध्यक्ष अंकित आनंद ने इसे धार्मिक स्वतंत्रता पर हमला बताते हुए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, उपायुक्त और जिला शिक्षा अधीक्षक को पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग रखी है।

डीबीएमएस स्कूल के बाहर नारेबाजी करते हिंदू संगठनों के नेता ● फोटोन न्यूज

बुधवार को सनातन उत्सव समिति, विश्व हिंदू परिषद, हिंदू पीठ और शिक्षा सत्याग्रह के नेताओं-कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से स्कूल गेट के समक्ष प्रदर्शन किया। इसमें अजय गुप्ता, चिंटू सिंह, अरुण सिंह, अंकित आनंद, ललित राव, अमित सिंह, कुलदीप सिंह, मीरा सिंह, अमृत सिंह, मनीष सिंह, हर्ष अग्रवाल, शुभम आदि शामिल थे। प्रदर्शन में शिक्षिका को बर्खास्त करने, स्कूल से सार्वजनिक माफीनामा जारी करने और घटना की निष्पक्ष जांच की मांग से संबंधित नारे लगाए। विरोध के दौरान कदमा थाना की पुलिस तैनात रही।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

CHAIBASA : पाकिस्तान में मंगलवार रात को हुए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा ने चक्रधपुर व चाईबासा में बुधवार को तिरंगा यात्रा निकाली। चाईबासा में यह यात्रा पोस्टऑफिस चौक से शहीद पार्क चौक तक गई, जिसमें कार्यकताओं व नागरिकों ने भारत माता की जय... और वंदे मातरम... के नारों से माहौल को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। इस यात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री मधुकोड़ा, पूर्व सांसद गीता कोड़ा, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बड़कुंवर गागराई, वरिष्ठ भाजपा नेता जेबी तुबिद, जिला अध्यक्ष संजय पांडे, गीता बलमुचू, सतीश पुरी आदि भी शामिल थे।

माइंस के गड्ढे में मिली उतराती हुई लाश, हत्या की आशंका

तालाब में दिख रहा शव ● फोटोन न्यूज

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोन्टो थाना क्षेत्र स्थित आयरन ओर की राजकां माइंस में बने गड्ढेनुमा तालाब से बुधवार को एक युवक की उतराती हुई लाश मिली। संदिग्ध अवस्था में शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मौके पर टोन्टो थाना की पुलिस पहुंची और शव को पानी से निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए चाईबासा भेज दिया। मृत युवक की पहचान दोपहर बाद तक नहीं हो सकी थी। पुलिस इसकी जांच पड़ताल कर रही है। शव पर गहरे जख्म हैं, जिससे हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है। बताया जा रहा है कि युवक की किसी दूसरी जगह हत्या कर यहां लाश फेंक दी गई है। शव एक-दो दिन पुराना बताया जा रहा है, क्योंकि पानी में रहने से शव फूल गया है। बहरहाल पुलिस को उसकी पहचान कराने के साथ-साथ पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

विधायक निधि से लगेगा 30 एचपी का मोटर, शुरू होगी शहरी जलापूर्ति

जनता दरबार में लोगों की शिकायत सुनते विधायक जगत माझी ● फोटोन न्यूज

MANOHARPUR : करीब दो वर्षों से ठप पड़ी मनोहरपुर शहरी जलापूर्ति विधायक जगत माझी के प्रयास से जल्द शुरू होगी। बुधवार को प्रखंड कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में विधायक ने कहा कि खराब पड़े 30 एचपी के मोटर के बदले विधायक निधि से नया मोटर लगाया जाएगा। विधायक ने अधिकारियों को कार्य शुरू करने का निर्देश दिया। मालूम हो कि मोटर खराब होने के कारण शहरी क्षेत्र में जलापूर्ति पूरी तरह ठप है। विधायक ने जनता दरबार में आए कुछ मामलों का बीडीओ और सीओ के संज्ञान में देकर तत्काल समाधान कराया। पार्टी कार्यकताओं को विधायक ने निर्देश दिया कि अपने-अपने पंचायत की समस्याओं को सूचीबद्ध कर निदान की दिशा में पहल करें। जनता दरबार में बीडीओ शक्ति कुंज, सीओ प्रदीप कुमार, जिला परिषद उपाध्यक्ष सह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रंजीत यादव, किशोर खलखो, मानुएल बेक, विक्रम सिंह आदि उपस्थित रहे।

बागबेड़ा में पानी भरने को लेकर विवाद मारपीट कर सिर फोड़ा

JAMSHEDPUR : बागबेड़ा थाना क्षेत्र के गांधी नगर में बुधवार को दोपहर में पानी भरने को लेकर विवाद हो गया। टैंकर से पानी लेने के दौरान दो पक्षों में कहासुनी शुरू हुई, जो कुछ ही देर में मारपीट में बदल गई। इस दौरान काली तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सिर में गंभीर चोट आई और इलाज के लिए उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल काली तिवारी ने अपने पड़ोसी प्रिया सिंह और कृष्णा की मां पर मारपीट का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि टैंकर से पानी भरने के दौरान पाइप उनका छोटा भाई पकड़े हुए था, लेकिन प्रिया सिंह जबरन पाइप छीनने लगीं। इसी बात पर विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने उन पर ईंट से हमला कर दिया। हमले में काली तिवारी का सिर फट गया।

घटना के बाद काली तिवारी ने बागबेड़ा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

सीएम हेमंत पहुंचे चांडिल, फुफेरे भाई व आंदोलनकारी कपूर बागी को दी श्रद्धांजलि

PHOTON NEWS SERAIKELA : झारखंड आंदोलनकारी व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के फुफेरे भाई कपूर कुमार टुडू उर्फ कपूर बागी (51) का मंगलवार को निधन हो गया था। सीएम हेमंत सोरेन बुधवार को चांडिल पहुंचे, जहां सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत चांडिल के चिलगू-चाकुलिया स्थित आवास पर फुफेरे भाई को श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिजनों से मिलकर उन्हें ढाढस बंधाया और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति देने के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री अंतिम यात्रा और अंत्येष्टि में भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कपूर टुडू जी के रूप में मैंने अपना एक भाई, दोस्त और झारखंड आंदोलनकारी खो दिया है। उनका निधन न सिर्फ हमारी पारिवारिक क्षति है, बल्कि इस राज्य ने एक ऐसे व्यक्तित्व को खो दिया है, जिन्होंने अलग राज्य के संघर्ष से लेकर अपने पूरे जीवन काल में सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर आम लोगों की तकलीफों को दूर करने का प्रयास करते रहे। कपूर बागी अपने पीछे मां सुखी टुडू, पत्नी सुकुरमनी टुडू, दो पुत्र व एक पुत्री छोड़ गए हैं। वे सादगी और सरलता के लिए जाने जाते थे। समाजसेवी के रूप में भी उनकी पहचान थी।

शव पर कफन ओढ़ाते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व इनसेट में कपूर बागी की फाइल फोटो

मॉक ड्रिल : शहर की कंपनियों व स्कूलों में किया गया एयर स्ट्राइक से बचाव का पूर्वाभ्यास

हवाई हमले के बाद सीएच एरिया में डेढ़ घंटे चला रेस्क्यू अभियान

PHOTON NEWS JSR : बिष्टुपुर के नॉर्दर्न टाउन स्थित सर्किट हाउस एरिया में बुधवार को एयर स्ट्राइक की मॉक ड्रिल शाम चार बजे शुरू हुई। मॉक ड्रिल का सायरन बजते ही सर्किट हाउस एरिया में तैनात सिविल डिफेंस के जवान अलर्ट हो गए। सामने मैदान में क्रिकेट मैच हो रहा था। जैसे ही बच्चों ने सायरन की आवाज सुनी, सभी जमीन पर लेट गए, ताकि हवाई हमले से बचा जा सके। एयर स्ट्राइक ठीक 5 बजे महारानी मेंशन के ए ब्लॉक में हुई। एयर स्ट्राइक की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। इनमें डीसी अनन्य मित्तल, एसडीओ शताब्दी मजूमदार, सिटी एसपी कुमार शिवाशीष, सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल आदि थे। सिविल डिफेंस के जवानों ने बिल्डिंग को कार्डन ऑफ कर दिया। अग्निशमन विभाग की गाड़ियां पहुंच गईं। सिविल डिफेंस के जवानों को बिल्डिंग में भेजा गया, ताकि पता चल सके कि एयर स्ट्राइक से कितना नुकसान हुआ है। बिल्डिंग में घुसे जवानों ने बताया कि बिल्डिंग में काफी डैमेज हुआ है। तीन लोग घायल हुए हैं। इसके बाद एंबुलेंस बुलाई गई। घायलों को बिल्डिंग से निकाला गया। घायलों को बिल्डिंग से निकालने के लिए लगाई गई सीढ़ी टूट गई।इस पर सिविल डिफेंस ने बिल्डिंग में रस्सा बांध कर घायलों को नीचे उतारा। इसके बाद एंबुलेंस से घायलों को सेफ हाउस निर्मल भवन ले जाया गया। बिल्डिंग में रहने वाले 20 अन्य मामूली तौर से घायल हुए। लोगों को भी निर्मल भवन ले जाया गया। निर्मल भवन से घायलों को इलाज के लिए टीएमएच ले जाया गया। डीसी अनन्य मित्तल ने पत्रकारों को बताया कि मॉक ड्रिल सफलता पूर्वक संपन्न कराई गई है।

महारानी मेंशन में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाते सिविल डिफेंस के स्वयंसेवक

बचाव के लिए डेस्क के नीचे छिप गए स्कूली छात्र

एयर स्ट्राइक की मॉक ड्रिल शहर के स्कूलों में भी कराई गई। सबसे पहले गोलमुरी स्थित केरला समाजम मॉडल स्कूल में हवाई हमले से बचाव का पूर्वाभ्यास कराया गया, जिसमें छात्रों को बताया गया कि इस तरह के हमले में सबसे पहले सुरक्षित स्थान पर छिपें। बच्चे डेस्क के नीचे छिप गए। सुबह 11 बजे केरला समाजम स्कूल में मॉक ड्रिल हुई। रेल सिविल डिफेंस की टीम भी विभिन्न स्थानों पर पहुंची और मॉक ड्रिल कर लोगों को बताया कि किस तरह हवाई हमले से बचाव करना है। जोजोबेड़ा पावर प्लांट और टाटा पावर प्लांट में भी मॉक ड्रिल कराई गई है।

रेलवे स्टेशन पर बताए गए बचाव के तरीके

भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध को लेकर टाटानगर रेलवे स्टेशन पर बुधवार को एयर स्ट्राइक मॉक ड्रिल की गई। रेलवे के सिविल डिफेंस इंस्पेक्टर संतोष कुमार के नेतृत्व में हुई इस मॉक ड्रिल में लोगों को समझाया गया कि अगर दुश्मन हवाई हमला करता है तो उन्हें किस तरह के कदम उठाने होंगे। लोगों को समझाया गया कि जब भी हमले का सायरन बजे तो जमीन पर लेट जाना है। हमले में घायलों को अस्पताल पहुंचाने का भी मॉक ड्रिल किया गया। रेल सिविल डिफेंस के इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने बताया कि अक्सर रेलवे स्टेशन जैसे सार्वजनिक स्थलों पर एयर स्ट्राइक का खतरा अधिक होता है। इसी वजह से एयर स्ट्राइक मॉक ड्रिल के लिए टाटानगर रेलवे स्टेशन को चुना गया है। इसके अलावा, रेलवे स्टेशन से बाहर निकल कर बाजार में भी एयर स्ट्राइक की मॉक ड्रिल की गई है। टाटानगर रेल सिविल डिफेंस के जवानों ने खुद जमीन पर लेट कर बताया कि किस तरह से एयर स्ट्राइक होने पर खुद का बचाव करना है।

रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने बताई अपनी कार्यप्रणाली

CHAKRADHARPUR : रैपिड एक्शन फोर्स की 106 बटालियन की ओर से बुधवार को चक्रधरपुर के मधुसूदन पब्लिक स्कूल आसनतलिया में जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया। इसमें रैफ की कार्यप्रणाली, उनके द्वारा उपयोग किए जाने वाले हथियार, एयर स्ट्राइक के दौरान बचाव, नशामुक्त अभियान तथा बेटी बचाओ बेटी बचाओ संबंधित जानकारी साझा की गई। बटालियन के जमशेदपुर के कमांडेंट गुफरान अहमद ने बताया कि मंगलवार की रात भारत की सैन्य शक्ति ने पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक किया था। उन्होंने विद्यार्थियों को एयर स्ट्राइक में किस तरह अपने आप को बचाना है और जहां रुकना है, उसकी जानकारी दी। एयर स्ट्राइक के दौरान लाइट बंद करने की बात कही। ताकि दुश्मन के रडार से बचा जा सके।की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ, जिसमें विद्यार्थियों को रैपिड एक्शन फोर्स की स्थापना तथा उसके कार्य की जानकारी दी गई। प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया कि दंगा के दौरान या संवेदनशील क्षेत्र में कानून व्यवस्था बिगड़ने पर किस तरह रैफ कंट्रोल करता है तथा आंदोलनकारियों से निपटता है।

ताम्रनगरी में हुआ आपात स्थिति से निपटने का अभ्यास

GHATSILA : पिछले दिनों पहलगाम में हुए आतंकी हमले और पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के मद्देनजर भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देश पर देशभर में सुरक्षा अभ्यास तेज कर दिए गये हैं। इसी क्रम में पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला स्थित मऊभंडार में ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत युद्ध जैसी आपात स्थिति में लोगों को बचाने और सुरक्षित निकालने को लेकर एक व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

BRIEF NEWS

सदर अस्पताल के मरीजों से मिले विधायक

KHUNTI : तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने सदर में इलाजरत झामुमो मुरहू प्रखंड उपाध्यक्ष अब्राहम मूडु से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने डॉक्टर को बेहतर इलाज करने का निर्देश दिया। साथ खूंटी सदर अस्पताल में भर्ती अन्य मरीजों से भी विधायक मिले और उनका हाल-चाल लिया। विधायक ने सदर अस्पताल के डॉक्टरों को निर्देश दिया कि किन्हीं के इलाज और सुविधा में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद, झामुमो जिला सचिव शुशील पाहन, उपाध्यक्ष सानिका बोदरा, विधायक प्रतिनिधि डिक्शन पूर्ति, राहुल केशरी, संदीप तिड्डू, बिमल पाहन, कमलेश महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

कराटे में स्कूली बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

KHUNTI : ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव स्टेडियम खेल गांव, रांची में आयोजित द्वितीय ऑल इंडिया सिक्का ए कराटे प्रतियोगिता में लिटिल फ्लावर इंग्लिश मीडियम स्कूल डोड़मा के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीते। आकृति कच्छप ने एक स्वर्ण और पीतांबर साईं ने सिल्वर एवं अंकित लकड़ा, अंशु लकड़ा तथा नेहा कश्यप ने कांस्य पदक प्राप्त किया। विद्यालय पहुंचने पर बुधवार को विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सिस्टम दिव्या किंडो ने सभी बच्चों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर विद्यालय के कराटे प्रशिक्षक विजय कुमार, संदीप टोपनो, अमित मुंडू, सुशील आईंद, गुलशन हैरेंज, सिस्टर रेशमा, एग्नसिया, गबरीला, जोसेफ टोपनो, पुलकित होरो, रीता आईंद, दिव्या हेंब्रम सहित अन्य उपस्थित थे।

उपायुक्त ने कई इलाकों का किया निरीक्षण

KHUNTI : उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने बुधवार को कई इलाकों का निरीक्षण कर संबंधित पदाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त ने नगर पंचायत क्षेत्र में निमार्णाधीन न्यू बस स्टैंड, सहयोग विलेज की ओर से संचालित बाल गृह, आशा किरण बालिका गृह, मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र और कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कालामाटी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने नगर पंचायत क्षेत्र में बन रहे न्यू बस स्टैंड का जायजा लिया। उन्होंने बस पार्किंग, यात्रियों के बैठने की व्यवस्था, शौचालय, पेयजल, लाइट की समुचित व्यवस्था का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने संस्था सहयोग विलेज की ओर से संचालित बालगृह का निरीक्षण किया। संस्था के सचिव अमृत तोपनो ने बताया कि बालगृह में 50 बच्चों के रहने की क्षमता है। वर्तमान में 20 बच्चे आवासित हैं। इनमें 10 बच्चे निकटवर्ती राजकीय विद्यालय चलागी में और तीन बच्चे नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय बिरहू में अध्ययनरत हैं। विशेष देखभाल वाले सात बच्चों के लिए विशेष इकाई संचालित की जा रही है, जिसमें विशेष शिक्षक और नर्स की व्यवस्था है। उपायुक्त ने किचन परिसर का भी निरीक्षण किया और भोजन व्यवस्था की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गुटजोड़ा स्थित आशा किरण बालिका गृह का भी निरीक्षण किया गया। उपायुक्त ने बच्चों को उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी संस्था की सिस्टर से ली और आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने बिरहू ऊपर टोली और बड़का टोली स्थित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को दिए जा रहे पोषाहार एवं प्रारंभिक शिक्षा की स्थिति का निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका को मेनू के अनुसार पोषाहार उपलब्ध कराने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं मौके पर उपस्थित जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सीडीपीओ को भी आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कालामाटी का दौरा किया और जेई एडवांस परीक्षा की तैयारी कर रही छात्राओं से मुलाकात कर उन्हें परीक्षा संबंधी महत्वपूर्ण टिप्स दिये।

खूंटी की डीईओ पर 88 लाख रुपये की अवैध निकासी का लगा आरोप

डीसी लोकेश मिश्रा के निर्देश पर डीडीसी के नेतृत्व में गठित टीम ने शुरू की जांच

- समाजसेवी दिलीप मिश्रा ने उपायुक्त से की थी शिकायत, हो रही पड़ताल

PHOTON NEWS KHUNTI : खूंटी की जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) अपरूपा पाल चौधरी गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों में बुरी तरह फंसती जा रही हैं।

पहले एक मृत शिक्षक के खाते से 54 लाख रुपये की संदिग्ध निकासी का मामला सामने आया था और अब पीएमश्री योजना (प्रधानमंत्री विद्यालय फॉर राइजिंग इंडिया) के तहत 88 लाख रुपये की अवैध निकासी का आरोप भी उन पर लगा है, जिसके बाद जांच शुरू हो गई है।

आरोपी जिला शिक्षा अधिकारी अपरूपा पाल चौधरी ● फोटोन न्यूज

पूरे झारखंड में अनियमितता का आरोप

दिलीप मिश्रा ने यह भी आरोप लगाया कि खूंटी ही नहीं, बल्कि लगभग पूरे झारखंड राज्य में पीएम श्री योजना के क्रियान्वयन में भारी अनियमितताएं बरती गई हैं और योजना की धनराशि का व्यापक बंदरबांट हुआ है। फिलहाल शिकायत के बाद केवल खूंटी जिले में ही जांच प्रक्रिया शुरू हुई है।

मृत शिक्षक के भुगतान का मामला

पीएमश्री योजना में हुई अनियमितता के संबंध में दिलीप मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2024 में रनिया प्रखंड के एक मृत शिक्षक को आश्चर्यजनक रूप से 54 लाख रुपये का भुगतान कर दिया गया था। इस गंभीर मामले के बाद अब पीएमश्री योजना में भारी वित्तीय अनियमितता का यह नया मामला सामने आया है, जिसने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पीएम श्री योजना में बड़े घोटाले की आशंका

समाजसेवी दिलीप मिश्रा की शिकायत पर जिला प्रशासन हरकत में आया और उपायुक्त (डीसी) लोकेश मिश्रा ने तत्काल प्रभाव से उपविकास आयुक्त (डीडीसी) की अध्यक्षता में एक जांच दल गठित कर मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता दिलीप मिश्रा ने दावा किया है कि यदि अधिकारी पीएमश्री योजना की ईमानदारी से जांच करते हैं, तो यह पशुपालन घोटाले से भी बड़ा घोटाला साबित हो सकता है।

अंधविश्वास में धारदार हथियार से जख्मी अधेड़ की हो गई मौत

PALAMU : पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के खरवारडीह टोला में अंधविश्वास की वजह से एक व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आया है। ढाब गांव के रहने वाले 53 वर्षीय कर्मदेव यादव को तंत्र-मंत्र का आरोप लगाकर गोतिया परिवार के लोगों ने लाठी-डंडों से पीट-पीटकर मार डाला। मृतक के छोटे भाई राजेंद्र यादव ने बुधवार को बताया कि पांच मई को गोतिया परिवार के शिवराज यादव, देवराज यादव, धनराज यादव, मनराज यादव और चंदेव यादव उनके घर आए। आरोपितों का कहना था कि कर्मदेव यादव ने तंत्र-मंत्र करके उनके भांजे की जान ले ली है। इसके बाद सभी आरोपितों ने मिलकर कर्मदेव यादव पर लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल कर्मदेव को परिजन पहले मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए। वहां से डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स में इलाज के दौरान मंगलवार की देर रात कर्मदेव की मौत हो गई। परिजन शव को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले आए। अस्पताल पुलिस चौकी के एएसआई सुशीला टीयू और पुलिस जवान महेंद्र कुमार एवं विकास कुमार ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और शव का पोस्टमार्टम कराया।

रिटायर्ड प्रोफेसर के आवास से लाखों के गहने हुए चोरी

KODERMA : जिले के तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 18 स्थित एक रिटायर्ड प्रोफेसर के आवास में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इसमें नगदी के साथ-साथ लाखों के जेवर चुरा लिए गए हैं। मामले को लेकर गृहस्वामी जुगल किशोर प्रसाद ने बताया कि घर पर सिर्फ वे और उनकी पत्नी रहती हैं। वे दोनों हर दिन की तरह रात में खाना खाने के बाद घर के सभी कमरों के दरवाजों को बंद कर अपने बेडरूम में सोने के लिए चले गए। बुधवार की सुबह करीब 4 बजे जब वे उठे और अपने कमरे से बाहर आकर बगल का कमरा खोला तो देखा कि कमरे में लगा खिड़की टूटा हुआ है और कमरे के अंदर रखा सारा सामान बिखरा पड़ा है, अलमारी का दरवाजा और लॉकर भी टूटा हुआ है। जब उन्होंने तहकीकात की तो पाया कि अलमारी में रखे सारे जेवर और नगद रुपये गायब हैं। उन्होंने इसकी सूचना घर में रह रहे किरायेदारों एवं आस पड़ोस के लोगों को दी। मामले की सूचना तिलैया पुलिस को दी गई। उन्होंने बताया कि उनके अलमारी में रखे एक जोड़ी हीरे की अंगूठी, सोने के चेन, सोने का कंगन, नेकलेस सहित 75 हजार रुपए नगद चोरी हुए हैं।

अलमारी के बिखरे सामान

यह समय एकजुट होकर रहने का : रघुवर दास

JAMSHEDPUR : पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवर दास ने ऑपरेशन सिंदूर की सराहना करते हुए कहा कि पहलगाम में धर्म के आधार पर की गई क्रूर हत्याओं का जवाब देते हुए हमारे वीर जवानों ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के अड्डों को नेस्तनाबूद कर दिया। रात डेढ़ बजे शुरू हुए इस अभियान में दर्जनों आतंकवादी मारे गए। भारतीय सेना ने बार-बार पाकिस्तान के कायराना हमलों का जवाब अपने शौर्य और पराक्रम से दिया है। इस बार भी हमारे जवानों ने अपने अदम्य साहस और कौशल का परिचय दिया। हमें अपनी सेना पर गर्व है। पूर्व मुख्यमंत्री ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि यह समय राजनीति का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता का है। हमें अपने जवानों का मनोबल बढ़ाना है, जो सीमा पर देश की रक्षा के लिए लड़ रहे हैं। यह समय देश की एकता और अखंडता के लिए एकजुट होने का है।

पलामू में लेवी वसूलने आए माओवादी को हथियार समेत किया गया गिरफ्तार

AGENCY PALAMU : पलामू पुलिस ने हुसैनाबाद थाना क्षेत्र से एक माओवादी को हथियार और नक्सली पर्चे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को मंगलवार रात सूचना मिली कि बसडीहा स्थित ईंट भट्ठा के पास एक व्यक्ति लेवी वसूली के लिए आने वाला है। वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी देकर थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी पुलिस बल के साथ कमल ईंट भट्ठा पहुंचे। पहले से वहां एक व्यक्ति मौजूद था। पुलिस को देखकर संदिग्ध स्थिति में भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया।

गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के कुरदाग गांव निवासी उपेन्द्र कुमार यादव (35) के रूप में हुई है। तलाशी में उसके पास से एक देशी कट्टा, एक गोली और भाकपा माओवादी के नाम से लिखे दो पर्चे मिले। एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ। पूछताछ में उपेन्द्र ने बताया कि वह भाकपा माओवादी संगठन के रीजनल कमांडर नितेश यादव के निर्देश पर ईंट भट्ठे पर लेवी वसूली करने आया था। हथियार और पर्चे भी नितेश यादव ने ही उपलब्ध कराए थे। पर्चा चिपकाकर इलाके में दहशत फैलाना था। पुलिस जब्त मोबाइल फोन को खंगाल रही है। बुधवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पत्रकारों को मामले की जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

डिमना चौक स्थित एमजीएम कॉलेज के नए भवन में गायनिक ओपीडी शुरू

PHOTON NEWS JSR : एमजीएम अस्पताल का गायनिक ओपीड़ी अब पूरी तरह से डिमना चौक स्थित नए भवन में शुरू हो गया है। बुधवार को लगभग 80 महिला मरीजों को स्त्री रोग विशेषज्ञों की टीम ने देखा। इसके साथ ही नए अस्पताल भवन में गायनिक इनडोर सेवा शुरू करने के लिए जरुरी संसाधन को भी साकची स्थित एमजीएम अस्पताल से ड़िमना भेजा जा रहा है। इसमें बेड, उपकरण और इलाज की जरुरी वस्तुएं शामिल हैं। इसके साथ ही साकची स्थित अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर के उपकरणों-सामग्री को भी नए अस्पताल में भेजा गया है, ताकि वहां सिजेरियन और नॉर्मल प्रसव की सुविधा जल्द शुरू की जा सके। गायनिक विभाग की इनडोर सेवा शुरू होने में अभी 10 दिन का समय लग सकता है।

गायनिक इनडोर सेवा नए अस्पताल में शुरू करने के लिए लॉन्ड्री की सुविधा, किचन की सुविधा, ब्लड बैंक जैसे कई सुविधाओं तैयार करनी होगी। इसकी प्रक्रिया चल रही है।

अस्पताल प्रशासन ने फिलहाल साकची स्थित भवन में ही इनडोर सेवा बहाल रखी है। वहीं बुधवार शाम से ओटी की सुविधा भी बहाल कर दी गई, इससे अब सर्जरी ओटी के बगल में ही गायनिक ओटी चल रहा है। अब एमजीएम अस्पताल आने वाले मरीजो को सदर अस्पताल और रिम्स नहीं भेजना होगा।

तैयार हो रहा ऑपरेशन थियेटर ● फोटोन न्यूज

सेना के पराक्रम पर लोहरदगा में हर तरफ उत्साह का माहौल

LOHARDAGA : पाकिस्तान के आतंकी संगठन के अड्डे को तबाह करने के बाद भारत के लोगों में सेना के शौर्य को लेकर काफी खुशी देखी जा रही है। जैसे ही लोहरदगा वासियों को भारतीय सेना की कार्रवाई की जानकारी मिली कि पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया गया है लोगों में खुशी का ठिकाना ना रहा। लोग यह कहते दिखे की पाकिस्तान का नापाक इरादे को भारत ने ध्वस्त कर दिया। पहलगाम की घटना से जो हिंदुस्तानियों में आक्रोश था उसे केंद्र की मोदी सरकार ने घटना के 14 वे दिन बाद बदला ले लिया। लोग भारत की इस कार्रवाई की तारीफ करते हुए खुशियां मना रहे हैं। लोगों में भारतीय सेना के प्रति उत्साह और विश्वास देखा जा रहा है। लोग जगह जगह मिठाइयां बांट कर खुशियां मना रहे हैं।

भगवान राम व कृष्ण के जीवन से जीने की कला सीखें : धीरेंद्र शास्त्री

कथा सुनते श्रद्धालु व देवताओं के वेश में सजे कलाकार ● फोटोन न्यूज

KHUNTI : प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि हमें भगवान श्री राम और श्रीकृष्ण के जीवन से जीने की कला सीखनी चाहिए। भगवान श्रीराम ने जिस प्रकार अपने कर्तव्य निभाया, पिता से, पुत्र, से भाई के प्रति जैसा दायित्व निभाया वैसा ही दायित्व हमें निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्णा ने जो कहा है, उसे अपने जीवन में उतारें और उनकी वाणी और गीता के अनुसार जीवन जीएं। आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बुधवार को खूंटी के प्रसिद्ध व्यवसायी ओमप्रकाश भला के आवास पर चल रहे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को व्यास पीठ से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भगवान श्रीहरि के वामन अवतार, राम अवतार, कृष्ण अवतार का वर्णन किया। संगीतमय प्रवचन के दौरान भक्त झूमने लगे। मौके पर श्रीराम जन्मोत्सव और कृष्णा जन्मोत्सव की झांकियां प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में यजमान के रूप में ओम प्रकाश भाला, उनके अनुज जय भाला श्रीभाला सहित अन्य उपस्थित थे।

राज्यपाल से मिले विधायक सरयू राय, औद्योगिक नगर समिति के बारे में हुई विस्तृत चर्चा

गवर्नर ने दिया आश्वासन, आवश्यक कदम उठाएंगे

PHOTON NEWS JSR : जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने मंगलवार को राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल से जमशेदपुर औद्योगिक नगर समिति के बारे में विस्तार से बातचीत की। राय ने उन्हें स्मरण दिलाया कि दिसंबर-2023 में उन्होंने इस विषय पर तत्कालीन राज्यपाल के समक्ष एक स्मार-पत्र दिया था, जिस पर राजभवन ने संज्ञान लेकर राज्य के मुख्य सचिव को इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया था।

राज्यपाल के प्रधान सचिव ने बताया कि इस विषय में मुख्य सचिव स्तर से राजभवन को कोई सूचना नहीं दी गई है। राय ने राज्यपाल को सूचित किया कि जमशेदपुर औद्योगिक नगर समिति का गठन करने में जनहित का ख्याल नहीं रखा गया है और नगरपालिका की मूल भावनाओं को भी नजरअंदाज किया गया है, जबकि औद्योगिक नगर समिति नगरपालिका के बदले में गठित होती है। इसमें जनता के प्रतिनिधियों (निर्वाचित या मनोनीत) को कोई स्थान नहीं दिया गया है, जबकि नगरपालिका का गठन ही स्थानीय स्वशासन के लिए होता है।

सरयू राय ने राज्यपाल को बताया कि इस समिति में सरकार एवं टाटा स्टील के प्रतिनिधियों को स्थान दिया गया है। यह स्थानीय स्वशासन के विरूद्ध है। इस समिति में करीब आधी संख्या टाटा स्टील के प्रतिनिधियों की है। 1973 में संविधान का 74वां संशोधन होने के बाद संविधान के अनुच्छेद 243 (क्यू) में अपवाद स्वरूप एक प्रावधान किया गया है कि जहां कोई सरकार या निजी उद्योग प्रतिष्ठान जनसुविधाएं दे रहा है अथवा देने के लिए तैयार है, वहां सरकार चाहे तो नगरपालिका का गठन नहीं भी कर सकती है और वहां औद्योगिक नगर समिति बना सकती है। इसके तहत देशभर में करीब आधा दर्जन छोटी-बड़ी औद्योगिक नगर समितियां गठित हुई हैं, जिनमें सेवा प्रदाता के अतिरिक्त उद्योगों, सामाजिक संगठनों एवं सरकार के प्रतिनिधियों को नामित किया गया है।

किसी भी सरकार के किसी मंत्री को समिति का अध्यक्ष नहीं बनाया गया है, परंतु जमशेदपुर औद्योगिक नगर समिति में स्थानीय मंत्री अथवा प्रभारी मंत्री, झारखंड सरकार को अध्यक्ष बनाया गया है तथा सदस्य के रूप में आधा दर्जन से अधिक संख्या में सेवा प्रदाता संस्थान को नामित किया गया है। जनहित में इस पर पुनर्विचार आवश्यक प्रतीत होता है। राय ने राज्यपाल से कहा कि आपके स्तर से सरकार को इस आशय का निर्देश दिया जाए। राय ने झारखंड के राज्यपाल से कहा कि फिलहाल जमशेदपुर को औद्योगिक नगर समिति के गठन में जनसुविधाएं प्राप्त करने वाले उपभोक्ताओं के प्रतिनिधियों को भी स्थान दिया जाना चाहिए। साथ ही एक शिकायत कोषांग का गठन होना चाहिए, ताकि वहां कोई भी व्यक्ति जनसुविधा संबंधी अपनी शिकायत रख सके।

राज्यपाल ने सरयू राय को आश्वस्त किया कि वे इस विषय में आवश्यक कदम उठाएंगे ताकि औद्योगिक नगर समिति संविधान के प्रावधान के अनुरूप कार्य करे और औद्योगिक नगर समिति की अधिसूचना में सरकार द्वारा आवश्यक संशोधन किया जाए। इसके साथ ही औद्योगिक नगर समिति को स्थानीय स्वशासन की भावना के अनुरूप बनाया जाए।

राज्यपाल को पुस्तक भेंट करते विधायक सरयू राय ● फोटोन न्यूज

डालसा के सचिव ने देखा झींकपानी के वृद्धाश्रम का हाल, बिताया समय

PHOTON NEWS CHAIBASA : झालसा रांची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार मौहम्मद शाकिर के मार्गदर्शन में प्राधिकार के सचिव रवि चौधरी ने झींकपानी स्थित संचार वृद्धा आश्रम का दौरा किया, इस दौरान उन्होंने वहां आवासित 25 वृद्धजनों से उनका हाल-चाल पूछा। उनके साथ समय बिताया। वे उन्हें अपने बीच पाकर बहुत खुश थे। इस दौरान उनके साथ प्राधिकार के सदस्य विकास दोदराजका भी थे। उन्होंने बुजुर्गों को मिठाई भी खिलाई और उनकी समस्याओं को जल्दी दूर करने का आश्वासन दिया। अपने संबोधन में सचिव ने कहा कि बुजुर्ग हमारे बहुमूल्य मार्गदर्शक होते हैं। इनकी प्रेरणा से हम जीवन में कई कठिनाइयों से पार पाते हैं। इनके अनुभव हमें जीवन जीने की राह दिखाते हैं। अतः हमें अपने बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने सभी वृद्ध जनों को आने वाले दिनों के लिए शुभकामना दी और यहां निरंतर आते रहने का आश्वासन भी दिया।

बुजुर्गों को मिठाई देते डालसा के पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान में घुसकर ऑपरेशन सिंदूर कर 9 आतंकी ठिकानों पर सफल टारगेटेड कार्रवाई की

किशन सनमुखदास भावनानीं

अगर हम उपरोक्त पर्यावरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि ऑपरेशन सिंदूर- पाकिस्तान में घुसकर 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर ध्वस्त किया-सिविल डिफेंस मॉकड्रिल के कुछ घंटे पूर्व कार्रवाई। भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान में घुसकर ऑपरेशन सिंदूर कर 9 आतंकी ठिकानों पर सफल टारगेटेड कार्रवाई की।भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई को नया आयाम दिया-घर में घुसकर पाकिस्तान को ऑपरेशन सिंदूर से करारा जवाब दिया।

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ की निगाहें भारत पर टिकी हुई थी कि पहलगाम में मारे गए 26 सैलानियों का जवाब दोषियों उनके आकाओं योजनाकारो सहयोगियों को किस तरह देगा, क्योंकि भारत की रणनीतिक तैयारी घटना के दिन से ही शुरू हो गई थी। रणनीतिक रूप से मीटिंगों का दौरा,अंतर्राष्ट्रीय देशों से सलाह मशविरा फिर 7 मई 2025 को पूरे भारत के 244 जिलों में सिविल डिफेंस मॉकड्रिल को आयोजित किया गया था, परंतु उसके कुछ घंटे के पूर्व ही रात्रि करीब 1.44 ए.एम पर पाकिस्तान पर भारतीय वायुसेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत सफल टारगेटेड सर्जिकल स्ट्राइक कर 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया, यह हमला बहावलपुर कोटली और मुजफ्फराबाद में किया गया है, जिसमें सभी आतंकी कैंप तबाह हो गए हैं। कार्रवाई को सफलता से अंजाम दिया गया, इसके पश्चात रात्रि में ही एक्सः पोस्ट पर सभी संदेश आना शुरू हो गए मैंने सुबह 6 बजे तक लगातार मीडिया चैनलों पर नजर गाड़ाए रखा था तो सुबह 2.46 बजे राजनाथ सिंह का एक्सः पर पोस्ट आया भारत माता की जय,वहीं कांग्रेस नेता प्रियंका चतुर्वेदी का का 3 बजे के बाद पोस्ट आया माथे का सिंदूर मिटने वालों को उसका जवाब देकर रहेंगे, जय जवान! जयहिंदुस्तान! जय हिंद! इसी प्रकार तेजस्वी यादव, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,आदित्य ठाकरे इत्यादि के सुबह 4 बजे के आसपास बयान आना शुरू हो गए। मेरा मानना है कि इस सर्जिकल स्ट्राइक का नाम ऑपरेशन सिंदूर इसलिए रखा गया होगा, क्योंकि पहलगाम में अनेकों भारतीय बेटियां अपना हनीमून मनाने गई थी जिनकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे, उनका सिंदूर उजड़ गया था उनसे जात धर्म पूछकर उनके पतियों को मार गिराया गया था, इसलिए इस ऑपरेशन के जरिए उन बेटियों को इंसाफ देने की थोड़ी सी कोशिश की गई है यानी यूं कहें कि यह तो केवल टेलर है अब खेला तो शुरू होगा। चूँकि भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान में घुसकर ऑपरेशन सिंदूर के तहत 9 आतंकी ठिकानों पर सफल टारगेटेड कार्रवाई कर उन्हें ध्वस्त कर दिया है, जिससे भारत नें आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई को नया आयाम दिया है, क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर से घर में घुसकर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोगसे इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,ऑपरेशन सिंदूर- भारत ने पाकिस्तान में घुसकर 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर ध्वस्त किया, सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल के कुछ घंटे पूर्व की कार्रवाई हुई।

साथियों बात अगर हम दिनांक 7 मई 2025 को अर्ली मॉर्निंग सिविल डिफेंस मॉकड्रिल के कुछ घंटे पहले पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल एयर स्ट्राइक की करें तो, भारत ने पाकिस्तान पर की एयर स्ट्राइक,9 आतंकी ठिकानों पर किया हमला।भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई को एक नया आयाम देते हुए ऑपरेशन सिंदूर को लॉन्च किया है। इस ऑपरेशन में भारतीय वायु सेना ने

पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में स्थित 9 आतंकी ठिकानों पर टारगेटेड स्ट्राइक की है। यह कार्रवाई 6 मई 2025 की देर रात डेढ़ बजे के आसपास अंजाम दी गई। भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई को एक नया आयाम देते हुए ऑपरेशन सिंदूर को लॉन्च किया है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, भारतीय वायु सेना ने अत्यन्त सटीक और सावधानीपूर्वक इन ठिकानों को निशाना बनाया है।पीआईबी ने जानकारी दी है कि ऑपरेशन सिंदूर की प्लानिंग को बहुत ही रणनीतिक रूप से तैयार किया गया ताकि आतंकवादियों की गतिविधियों को करारा जवाब दिया जा सके, इस ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान की सैन्य सुविधाओं को नहीं छुआ गया है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि कार्रवाई का असल मकसद आतंक को खत्म करना है,न कि पड़ोसी मुल्क के साथ संघर्ष को बढ़ाना, वायु सेना की तरफ से ये स्ट्राइक भारत के कमोबेश 300 लोकेशन पर होने वाले मॉक ड्रिल से कुछ घंटे पहले किया गया है। पीआईबी के मुताबिक, ये कदम पहलगाम में हुए बर्बर आतंक वादी हमले के बाद उठाए गए हैं, जिसमें 26 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी गई थी। भारत अपनी इस प्रतिबद्धता पर खरा उतरा है कि इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा। पीआईबी ने बताया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पर आगे की जानकारी जल्द ही दी जाएगी। भारतीय सेना ने जम्मू और कश्मीर स्थित पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला ले लिया है सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर स्थित मुजफ्फराबाद में भारतीय सेना ने आतंकी ठिकानों पर स्ट्राइक की।

साथियों बात अगर हम रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान की करें तो,भारतीय सशस्त्र बलोंने पाकिस्तान व पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर में आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, जहाँ से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाई गई. कुल मिलाकर, नौ (9) स्थलों को निशाना बनाया गया है.बयान में कहा गया- हमारी कार्रवाई केंद्रित, सधी और उकसाने से बचने वाली रही,किसी भी पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को निशाना नहीं बनाया गया है भारत ने ठिकानों के चयन और उन्हें तबाह करने तरीके में काफी संयम दिखाया है,बयान के अनुसार ये कदम पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर उठाए गए हैं जिसमें 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी गई थी, मंत्रालय ने कहा कि हम इस प्रतिबद्धता पर खरे उतर रहे हैं कि इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा, बाद में ऑपरेशन सिंदूर पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

साथियों बात अगर हम सर्जिकल स्ट्राइक का नाम ऑपरेशन सिंदूर रखने से संभावित कारणों की करें तो, इसके पीछे सरकार का मकसद क्या रहा होगा,डिफेंस एक्सपर्ट की मानें तो पहलगाम में आतंकियों ने कई ऐसे लोगों को मारा जिनकी चंद दिनों पहले शादी हुई थी। भारत ने इन महिलाओं की आंखों में आंसू देखे थे, तभी कसम खाई थी कि एक-एक आंसू का हिसाब लिया जाएगा, इनमें गुरुग्राम की हिमांशी नरवाल भी थीं, जिनकी 16 अप्रैल को शादी हुई थी, वह पति लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के साथ हनीमून मनाने गई थीं, लेकिन आतंकियों ने विनय को मार डाला। इसी तरह जयपुर की प्रियंका शर्मा को आर्तकियों को दर्द दिया, प्रियंका अपने पति रोहित के साथ पहलगाम में हनीमून मनाने गई थीं, हमले के दौरान रोहित को गोली लगी और उनकी मौके पर ही मौत हो गई, प्रियंका घायल हुईं और उन्हें श्रीनगर के अस्पताल में भर्ती कराया गया। शिमला की रहने वाली अंजलि ठाकुर अपने पति विवेक ठाकुर के साथ गई थीं, इनकी भी इसी साल 12 अप्रैल को शादी हुई थी, विवेक और अंजलि पहलगाम में ट्रेकिंग के लिए गए थे, लेकिन आतंकियों ने उन्हें भी नहीं बख्शा, अंजलि किसी तरह बच गईं, अंजलि ने बाद में कहा,हमारी जिंदगी शुरू होने से पहले ही खत्म हो गई. उनकी बातों ने सबको हिला दिया था। पुणे की रहने वाली स्नेहा पाटिल अपने पति अमित पाटिल के साथ हनीमून पर गई थीं, 10 अप्रैल को ही इनकी शादी हुई थी, अमित और स्नेहा पहलगाम में छुट्टियां मना रहे थे, तभी आतंकियों ने उन्हें गोली मार दी,स्नेहा ने अस्पताल में कहा, आतंकियों ने हमारा सब कुछ छीन लिया। सिंदूर मिटाने पर 'ऑपरेशन सिंदूर' पहलगाम के आतंकियों ने जब बैसरन में हमला किया तो वहां उन्होंने किसी भी महिला की जान नहीं ली, दरअसल, इस ऑपरेशन के नाम के पीछे भी एक कारण छिपा है।जब आतंकी हमारी महिलाओं का सिंदूर छीनने की साजिश करें, तो जवाब उसी प्रतीक से दिया जाए, यह संदेश स्पष्ट है, भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए न सिर्फ आतंकियों को सबक सिखाया है, बल्कि यह भी जता दिया है कि अब किसी भी महिला के सिंदूर पर हाथ डालना सीधा युद्ध के बराबर माना जाएग।

साथियों बात अगर हम ऑपरेशन सिंदूर बेहद सीमित सटीक, रणनीतिक व कानून के दायरे में होने की करें तो, यह कार्रवाई बेहद सीमित, रणनीतिक रही, किसी भी पाकिस्तानी सैन्य ठिकाने को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने आतंकियों के ठिकाने पर मिसाइले दाग कर यह संदेश देने की कोशिश की है कि वह आतंक के खिलाफ सख्त कदम उठाने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है, इससे यह भी साफ हो गया कि भारत अब केवल चेतावनी नहीं देगा, बल्कि जवाबी कार्रवाई भी करेगा। भारत की यह कार्रवाई पूरी तरह से अंतरराष्ट्रीय कानून के दायरे में रही, कोई असैन्य ठिकाना या आम नागरिक इस कार्रवाई की चपेट में नहीं आया, भारतीय विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय ने स्पष्ट कर दिया है कि यह ऑपरेशन केवल आतंकवाद के खिलाफ था, न कि पाकिस्तान की संप्रभुता पर हमला, हालांकि, इससे पाकिस्तान में घबराहट साफ देखी जा सकती है, कई आतंकी ठिकानों को खाली करा लिया गया है और सीमा पर हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' ने पाकिस्तान को यह भी दिखा दिया है कि अब भारत पुरानी नीति पर नहीं चलेगा, 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 की बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद यह तीसरी बड़ी कार्रवाई है, जो सीधे पाकिस्तान की धरती पर जाकर की गई है। इसका एक बड़ा संदेश यह भी है कि भारत अब बात नहीं, केवल जवाबी कार्रवाई में विश्वास रखता है पाक को अब तय करना है, वह आतंक की पनाहगाह बना रहेगा या जिम्मेदार पड़ोसी की तरह व्यवहार करेगा।

अतः अगर हम उपरोक्त पर्यावरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि ऑपरेशन सिंदूर- पाकिस्तान में घुसकर 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर ध्वस्त किया-सिविल डिफेंस मॉकड्रिल के कुछ घंटे पूर्व कार्रवाई। भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान में घुसकर ऑपरेशन सिंदूर कर 9 आतंकी ठिकानों पर सफल टारगेटेड कार्रवाई की।भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई को नया आयाम दिया-घर में घुसकर पाकिस्तान को ऑपरेशन सिंदूर से करारा जवाब दिया।

संपादकीय

मॉक ड्रिल का संदेश

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देश के कई राज्यों को कल 7 मई को व्यापक नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस) मॉक ड्रिल आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब भारत पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमले, जिसमें 26 नागरिक मारे गए, के जवाब में कड़ा रुख अपनाए हुए है। हालांकि घटना के बाद से ही केंद्र सरकार ने एक के बाद एक कूटनीतिक और आर्थिक फैसले लेकर इस हमले को शह देने वाले पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया है। लेकिन देश के नागरिक इस हमले से इस कदर गुस्से में हैं कि उसी तरह मुंह तोड़ जवाब देना चाहते हैं जिस तरह पुलवामा और उरी में आतंकवादी घटनाओं के बाद दिया गया था। केंद्र में सत्तारूढ़ मोदी सरकार पर भारी दबाव है कि माकूल जवाब दे। जन भावना इस कदर आक्रोशित है कि कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेनाओं के पाले में गेंद डालते हुए उन्हें जवाबी कार्रवाई करने की पूरी छूट दे दी थी। अब केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कई राज्यों को मॉक ड्रिल आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। मॉक ड्रिल आपातकालीन संकट या संकट की स्थिति में अपनी तैयारी और प्रतिक्रिया क्षमता को परखने का प्रभावी तरीका है। इससे सुरक्षा योजनाओं को परखने, उनकी कमी पहचानने और उन्हें सुधारने में मदद मिलती है। मॉक ड्रिल के जरिए दुनिया को साफ संदेश जाएगा कि पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए भारत पूरी तैयारी कर रहा है, जो सीमित या पूर्ण युद्ध के रूप में हो सकती है यानी भारत के कूटनीतिक कदम अब युद्ध की रणनीति की तरफ तेजी से बढ़ रहे हैं। मॉक ड्रिल के दौरान एयर रेड वार्निंग सायरनों का संचालन होगा। नागरिकों को संभावित हमलों की स्थिति में खुद को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक सुरक्षा तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। क्रैश ब्लैकआउट की व्यवस्था की जाएगी। महत्त्वपूर्ण संयंत्रों और प्रतिष्ठानों की त्वरित कैमुफ्लाजिंग की जाएगी जो राष्ट्रीय संपत्तियों को सुरक्षा के लिए एक मान युद्धकालीन उपाय है। निकासी योजनाओं का अद्यतन और पूर्वाभ्यास होगा जिसके तहत किसी भी आपात स्थिति में नागरिकों को तेजी से सुरक्षित स्थानों पर ले जाने का अभ्यास किया जाएगा।

चिंतन-मनन

व्यापारी के बेटे

एक व्यापारी के दो पुत्र थे। मरने से पहले उसने अपनी संपत्ति दोनों बेटों में बराबर-बराबर बांट दी। एक पुत्र ने अपने व्यापार को काफी बढ़ाया। वह अत्यंत संपन्न होकर समाज के प्रतिष्ठत लोगों में गिना जाने लगा। जबकि दूसरे को व्यापार में घाटा हो गया और उसके परिवार को दो जून की रोटी जुटाने में भी अत्यंत तकलीफें उठानी पड़ीं। अपने भाई की तरक्की और अपनी दुर्दशा देखकर दूसरा भाई एक संत के आश्रम में पहुंचा और बोला, महाराज, मुझे लगता है कि ईश्वर केवल कल्पना है और यदि उसका अस्तित्व कहीं है भी तो वह पक्षपाती है। क्या वह भी पक्षपात करता है? मैं और मेरे भाई दोनों एक ही पिता की संतान हैं। पिता ने दोनों को बराबर हिस्सा दिया। लेकिन वह लगातार तरक्की कर रहा है और मैं रसातल की ओर जा रहा हूं। भला ऐसा क्यों?

उसकी बात सुनकर संत उसे अपने साथ एक बगीचे में ले गए और बोले, देखो, वहां एक कोने में गन्ना बोया हुआ है, दूसरे कोने में चिरायता है, एक ओर चमेली के फूल अपनी सुगंध बिखेर रहे हैं तो दूसरी ओर गुलाब के पौधों पर फूलों के साथ कांटे भी नजर आ रहे हैं । इनकी इस भिन्नता के लिए इन्हें पैदा करने वाली जमीन दोषी या पक्षपाती नहीं है। जैसा बीज बोया गया है वैसा ही फल मिला है। सुख-दुख और उन्नति-अवनति के लिए ईश्वर जिम्मेदार नहीं बल्कि स्वयं मनुष्य जिम्मेदार है। उसके कर्म और संस्कार जिम्मेदार हैं। तुम्हारे भाई ने मेहनत और योग्यता से अपने काम को संभाला तो उसकी उन्नति होती गई, इसके विपरीत तुमने आलस्य और भोग-विलास में अपना समय व्यतीत किया तो तुम्हारा धन धीरे-धीरे खत्म होता गया। तुमने मेहनत की ही कब थी जो ईश्वर को दोष दे रहे हो। जैसा कर्म तुमने किया है वैसा ही फल पाया है। ह सुनकर दूसरे पुत्र की आंखें खुल गईं। वह अपनी गलती सुधारने का निश्चय कर वहां से चला आया।

आपदा के समय भरोसेमंद दोस्त 'रेडक्रॉस'

योगेश कुमार गोयल

रेडक्रॉस की स्थापना महान मानवता प्रेमी जीन हेनरी डयूनेंट द्वारा की गई थी, इसीलिए उनके जन्मदिन के अवसर पर प्रतिवर्ष विश्वभर में 8 मई का दिन 'अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस' के रूप में मनाया जाता है और संस्था की गतिविधियों से आम आदमी को अवगत कराने के प्रयास किए जाते हैं। रेडक्रॉस की स्थापना वर्ष 1863 में हुई थी और अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी दुनिया के सभी देशों में रेडक्रॉस आन्दोलन का प्रसार करने के साथ-साथ रेडक्रॉस के आधारभूत सिद्धांतों के संरक्षक के रूप में भी कार्य कर रही है। 8 मई 1828 को जन्मे डयूनेंट 1859 में हुई सालफिरोनो (इटली) की लड़ाई में घायल सैनिकों की दुर्दशा देख बहुत आहत हुए थे क्योंकि युद्धभूमि में पड़े इन घायल सैनिकों के उपचार के लिए कोई चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी। युद्ध मैदान में घायल पड़े इन्हीं सैनिकों के दर्दनाक हालातों पर अपने कड़वे अनुभवों के आधार पर उन्होंने 'मेमोरी और सालफिरोनो' नामक एक पुस्तक भी लिखी और 1863 में रेडक्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति 'आईसीआरआई' का गठन किया। डयूनेंट के सतत प्रयासों की बदौलत ही 1864 में जेनेवा समझौते के तहत 'अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस मूवमेंट' की स्थापना हुई। डयूनेंट ने इटली में युद्ध के दौरान रक्तपात का ऐसा भयानक मंजर देखा था, जब चिकित्सकीय सहायता के अभाव में युद्धक्षेत्र में अनेक घायल सैनिक हृदयविदारक कष्टों से तड़प रहे थे। ऐसे घायलों की सहायता के लिए उन्होंने स्थायी समितियों के निर्माण की आवश्यकता को लेकर आवाज बुलंद की, जिसका असर भी दिखा। युद्ध में आहतों की स्थिति के सुधार के साधनों का अध्ययन करने के लिए उसके बाद एक आयोग का गठन किया गया। 1863 में जेनेवा में एक अंतर्राष्ट्रीय बैठक में रेडक्रॉस के आधारभूत सिद्धांत निर्धारित किए गए तथा रेडक्रॉस आन्दोलन का विकास करते हुए आहत सैनिकों और युद्ध पीड़ितों की सहायता संगठित करने हेतु दुनियाभर के सभी देशों में राष्ट्रीय समितियां बनाने पर जोर दिया गया। नेपोलियन तृतीय के हस्तक्षेप के चलते अंतर्राष्ट्रीय समिति 'स्विस फेडरल काउंसिल' को 8 अगस्त 1864 को जेनेवा में सम्मेलन बुलाने के लिए राजी करने में सफल हुई, जिसमें 26 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस सम्मेलन के चलते जेनेवा अधिवेशन हुआ, जिसमें सुरक्षा के प्रतीक रेडक्रॉस वाले सफेद झंडे पर स्वीकृति की मोहर लगाई गई, जो आज समस्त विश्व में रेडक्रॉस का प्रतीक चिन्ह बना हुआ है। शुरूआती दौर में रेडक्रॉस की भूमिका युद्ध के दौरान बीमार और घायल सैनिकों, युद्ध करने वालों और युद्धबंदियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना तथा उन्हें उचित उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने तक ही सीमित थी किन्तु अब इस संस्था के दायित्वों का दायरा लगातार विस्तृत होता जा रहा है। मानवीय सेवा को समर्पित रेडक्रॉस ने प्रथम तथा द्वितीय विश्वयुद्ध में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अनेक घायल सैनिकों तथा नागरिकों की सहायता कर अनुकरणीय उदाहरण पेश किया था। दुनिया के किसी भी भाग में जब भूकम्प, बाढ़, भू-स्खलन या अन्य किसी भी प्रकार की प्राकृतिक अथवा मानवीय आपदा सामने आती है तो सबसे पहले 'अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी' की टीमें वहां पहुंचकर राहत कार्यों में जुट जाती हैं। शांति और सौहार्द के प्रतीक के रूप में जानी जाने वाली इस संस्था ने अपने कर्मठ, समर्पित और कर्त्तव्यनिष्ठ स्वयंसेवकों के माध्यम से न केवल भारत में बल्कि दुनियाभर में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। फिलहाल 190 से भी अधिक देशों में 'रेडक्रॉस' संस्था सक्रिय है। भारत में 'भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी अधिनियम' के तहत वर्ष 1920 में रेडक्रॉस सोसायटी का गठन हुआ था और स्थापना के नौ वर्ष बाद इसकी सराहनीय गतिविधियों को देखते हुए अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी ने 'भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी' को मान्यता प्रदान की। भारत में रेडक्रॉस की स्थापना के शुरूआती वर्षों में देश में रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष भारत के उपराष्ट्रपति होते थे किन्तु वर्ष 1994 में रेडक्रॉस एक्ट में संशोधन करते हुए सोसायटी का पदेन अध्यक्ष महामहिम राष्ट्रपति को तथा सचिव केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री को बनाया गया। वर्तमान समय में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की देशभर में 750 से अधिक शाखाएं मानवता की सेवा में जी-जान से जुटी हैं। रेडक्रॉस एक ऐसी स्वयंसेवी संस्था है, जो देश के किसी भी हिस्से में प्राकृतिक अथवा मानवीय आपदा के शिकार लोगों को बचाने व राहत पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और इसमें शामिल होने वाले कर्मठ स्वयंसेवकों की संख्या निरन्तर बढ़ रही है। विश्वभर में रेडक्रॉस के करीब एक करोड़ सत्तर लाख स्वयं सेवक हैं। यही कारण है कि रेडक्रॉस दिवस को 'अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस' भी कहा जाता है। रेडक्रॉस लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करती है और अपनी विभिन्न शाखाओं के जरिये देशभर में जगह-जगह रक्तदान शिविर लगाकर प्रतिवर्ष बहुत बड़ी मात्रा में रक्त एकत्रित करती है। देश में रक्त एकत्रित करने तथा वही रक्त जरूरतमंद लोगों के लिए सही समय पर उपलब्ध कराने का कार्य यह संस्था कई दशकों से लगातार कर रही है। वास्तव में रक्त इकट्ठा करने वाली यह विश्व की एकमात्र सबसे बड़ी संस्था है, जिससे कैंसर, थैलेसीमिया, एनीमिया जैसी प्राणघातक बीमारियों से जूझ रहे हजारों लोगों की भी जान बचाई जाती हैं। रेडक्रॉस की पहल पर दुनिया का पहला ब्लड बैंक अमेरिका में 1937 में स्थापित हुआ था और वर्तमान में दुनियाभर के अधिकांश ब्लड बैंकों की देखरेख रेडक्रॉस तथा उसकी सहयोगी संस्थाओं द्वारा ही की जाती है।

भारत-चीन संबंध : कैलाश से कूटनीति तक

नृपेंद्र अभिषेक नृप

भारत और चीन, दो प्राचीन सभ्यताओं और समकालीन वैश्विक शक्तियों के बीच संबंधों का इतिहास जटिल, उलझा हुआ और समय-समय पर संघर्षों से भरा रहा है। इन संबंधों में हालिया हलचल उस समय देखने को मिली जब भारत के विदेश मंत्रालय ने घोषणा की कि 750 भारतीय तीर्थयात्री इस वर्ष जून-अगस्त के बीच दो समूहों में कैलाश मानसरोवर यात्रा कर सकेंगे। कैलाश मानसरोवर चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में स्थित है, और इसका धार्मिक, सांस्कृतिक तथा कूटनीतिक महत्त्व अत्यधिक है। पांच वर्षों के अंतराल के बाद इस यात्रा का पुनः आरंभ होना केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि दोनों देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में एक सूक्ष्म किंतु महत्त्वपूर्ण संकेत भी है।

पिछले पांच वर्षों में कैलाश मानसरोवर यात्रा के निलंबन के पीछे दो मुख्य कारण रहे। पहला, वैश्विक महामारी कोविड-19, जिसने न केवल व्यक्तियों और समुदायों को अलग-थलग कर दिया, बल्कि देशों के बीच संपर्क और सहयोग के रास्ते भी बाधित कर दिए। दूसरा, और अधिक जटिल कारण था 2020 में लद्दाख में भारत और चीन के बीच हुआ सैन्य गतिरोध। गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़पों ने दोनों देशों के बीच गहरे अविश्वास और तनाव की भावना को जन्म दिया। ऐसे परिदृश्य में कैलाश मानसरोवर यात्रा का पुनः प्रारंभ होना सकारात्मक कूटनीतिक संकेत है, जो इस बात को रेखांकित करता है कि दोनों देशों में संवाद और संपर्क की छोटी-छोटी खिड़कियां अब भी खुली हैं। यह घोषणा ऐसे समय हुई है जब दुनिया पूर्वी यूरोप में युद्ध, पश्चिम एशिया में अस्थिरता और वैश्विक व्यापार पर अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्कों के कारण उत्पन्न हो रही अनिश्चितताओं से जूझ रही है। इन परिस्थितियों में भारत और चीन जैसे दो बड़े, परमाणु संपन्न देशों के बीच किसी भी प्रकार की सद्भावना का संकेत न केवल क्षेत्रीय शांति के लिए, बल्कि वैश्विक स्थिरता के लिए भी महत्त्वपूर्ण है। 2.8 अरब से अधिक जनसंख्या वाले इन दोनों देशों के बीच किसी भी तरह का सहयोग वैश्विक शक्ति संतुलन पर व्यापक प्रभाव डाल सकता है।

कैलाश मानसरोवर यात्रा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि भी भारत-चीन संबंधों में विशेष स्थान रखती है। 1962 के युद्ध के बाद दोनों देशों के बीच संबंध बेहद तनावपूर्ण रहे। इस युद्ध ने न केवल सीमाओं को विवादित कर दिया, बल्कि मनोवैज्ञानिक रूप से भी दोनों देशों को एक-दूसरे से दूर कर दिया। ऐसी स्थिति में, 1979 में तत्कालीन भारतीय विदेश मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की चीन यात्रा ऐतिहासिक मानी गई। वाजपेयी ने अपनी यात्रा के दौरान बीजिंग में भारतीयों के लिए कैलाश और मानसरोवर के धार्मिक महत्त्व को रेखांकित किया। उनके प्रयासों से 1981 में भारत और चीन के बीच आधिकारिक रूप से इस यात्रा का मार्ग प्रशस्त हुआ। चीन के तत्कालीन उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री हुआंग हुआ ने 1981 में नई दिल्ली यात्रा के दौरान आश्वासन दिया कि चीन 'जिसे भारतीय कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील कहते हैं', वहां की यात्रा के लिए व्यवस्था करेगा। इस वक्तव्य ने दो देशों के बीच संवाद और सहयोग का एक नया द्वार खोला था। आज, जब यात्रा फिर से शुरू हो रही है, तो यह अतीत की स्मृतियों को ताजा करती है, और वर्तमान में संवाद के अवसरों को बल देती है।

रणनीतिक दृष्टि से भारत और चीन आज विभिन्न ध्रुवों पर खड़े दिखाई देते हैं। भारत जहां अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ 'क्वाड' समूह का सक्रिय सदस्य है, वहीं चीन अपनी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के माध्यम से वैश्विक प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। परंतु कूटनीति की खूबी ही यही है कि वह कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी संवाद के सेतु बनाने का प्रयास करती है। कैलाश मानसरोवर यात्रा का पुनः प्रारंभ इसी भावना का प्रतिबिंब है। हालांकि भविष्य की राह सरल नहीं है।

भारत और चीन के बीच स्थिर संबंध स्थापित करने के लिए प्रतीकात्मक पहल पर्याप्त नहीं होंगी। पारस्परिक सम्मान, सीमा विवादों के शांतिपूर्ण समाधान, आर्थिक प्रतिस्पर्धा के नियमों के प्रति प्रतिबद्धता और वैश्विक मंचों पर संतुलित सहयोग की आवश्यकता होगी। दोनों देशों को समझना होगा कि एशिया और विश्व की स्थिरता में उनकी साझी जिम्मेदारी है। सहयोग का

रास्ता दोनों के हित में है। भारत के लिए आवश्यक है कि अपनी संप्रभुता और सुरक्षा के मूलभूत सिद्धांतों से कोई समझौता किए बिना संवाद के द्वार खुले रखे। चीन के लिए भी समझना महत्त्वपूर्ण है कि भारत को दबाने की रणनीति कारगर नहीं होगी, बल्कि सम्मानजनक सहयोग ही दीर्घकालिक शांति का मार्ग प्रशस्त करेगा। कुल मिलाकर, कैलाश मानसरोवर यात्रा का फिर से प्रारंभ होना शुभ संकेत अवश्य है, लेकिन इसे संबंधों के समग्र सुधार का प्रतीक मान लेना जल्दबाजी होगी। यह यात्रा लंबी, कठिन और ऊबड़-खाबड़ राह की शुरू आत मात्र है। जिस प्रकार कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील तक पहुंचने के लिए को अनेक कठिनाइयों और प्रतिकूलताओं का सामना करना पड़ता है, उसी प्रकार इस यात्रा के हर कदम पर सतर्कता, सहनशीलता और विवेक आवश्यक होगा।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

No 'free hand' is given to army

